हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 9 मार्च 2026
राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव

# एक बीयर बोतल में दो-दो ब्रांड के स्टीकर, ग्राहकों ने वीडियो बनाकर किया वायरल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अलग खबर

शहर में अपनी पसंद की बीयर लेने पहुंचे एक मदिराप्रेमी को उस समय झटका लगा, जब उसने बीयर की बोतल में लगे स्टीकर को हटाया। सामान्य तौर पर स्टीकर के भीतर सीधे बोतल होनी चाहिए, लेकिन इस मामले में स्टीकर के भीतर दूसरी कंपनी का स्टीकर लगा हुआ था। जिसका वीडियो बनाकर भी ग्राहक ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया है। वीडियो वायरल होने के बाद आबकारी विभाग में भी हड़कंप मच गया है। विभाग ने इस पूरे मामले की एक रिपोर्ट तैयार कर प्रदेश स्तर पर भी भेज दिया है।

## शहर की प्रीमियम वाइन शॉप का मामला, संबंधित सेल्समेन को विभाग ने जारी की नोटिस

### बेचने की थी मनाही

स्थानीय आबकारी विभाग से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश के सूरजपुर में ऐसी ही एक घटना नवंबर महीने में सामने आई थी। जिसके बाद प्रदेश स्तर से सभी जिलों को इस कंपनी की बीयर बेचने पर आगामी आदेश तक रोक लगा दी गई थी। ऐसे में उस बीयर का स्टॉक प्रीमियम वाइन शॉप में पड़ा हुआ था। बताया गया कि होली त्यौहार के दौरान शहर के अंबेडकर चौक स्थित प्रीमियम वाइन शॉप में सेल्समेन ने उसे एक ग्राहक को बेच दिया था। हालांकि विभाग ने उक्त सेल्समेन को नोटिस जारी कर जवाब भी मांगा है।



### जारी की नोटिस

उक्त बीयर बोतल की बिक्री की मनाही के बाद भी शहर स्थित प्रीमियम वाइन शॉप में एक सेल्समेन द्वारा उक्त बीयर की बिक्री कर दी गई थी। इस मामले में संबंधित कर्मचारी को नोटिस जारी की गई है।

- अभिषेक तिवारी, आबकारी अधिकारी

### सोशल मीडिया पर बना चर्चा का विषय वीडियो

इधर एक बीयर की बोतल में दो अलग-अलग ब्रांड के स्टीकर मिलने के बाद उसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया है। वीडियो को देखने के बाद यह लोगों में चर्चा का विषय भी बना हुआ है। वहीं विभाग ने भी वीडियो को संज्ञान में लेते अपनी कार्रवाई कर ली है।

हालांकि बताया गया कि यह पहला मामला नहीं है, ऐसे ही मामले प्रदेश के दूसरे इलाकों से भी सामने आ चुके हैं, जहां इसी कंपनी की बीयर बोतल के भीतर दूसरे ब्रांड का स्टीकर लगा हुआ था। उस दौरान भी हंगामा मचने के बाद प्रदेश का आबकारी महकमा हरकत में आया था और उसने संबंधित कंपनी को न केवल नोटिस जारी की थी, बल्कि मामले में उस पर जुर्माना भी लगाया गया था। बताया गया कि कंपनी ने जुर्माना जमा भी कर दिया है। पांच महीने के भीतर उसी कंपनी की बीयर पर दोबारा वही मामला सामने आने से विभाग में भी हड़कंप मच गया है। इधर आबकारी विभाग ने इस मामले में अपनी पूरी रिपोर्ट तैयार कर ली है। बताया गया कि रिपोर्ट में किस तरह से इस बीयर की बिक्री की गई इसका पूरा ब्योरा प्रदेश स्तर पर भेजा गया है।

## मवेशी और श्वानों के लिए बनेगा यार्ड, जलसंकट पर भी होगा फोकस

# मार्च अंत में बजट बैठक, विकास का प्लान तैयार कर रही शहर सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मार्च महीने की शुरूआत के साथ ही अब शहर विकास की जिम्मेदारी संभालने वाली निगम सरकार ने अपने बजट की तैयारियां तेज कर दी है। महापौर मधुसूदन यादव और उनकी टीम शहर में विकास के लिए जरूरी कामों की सूची तैयार कर रही है। इस बार निगम अपने बजट में पशुओं के लिए विशेष कार्ययोजना बना रही है। बताया गया कि मवेशियों के ट्रीटमेंट के साथ ही श्वानों के लिए यार्ड बनाने की योजना पर काम हो रहा है। इसके अलावा शहर में बढ़ते पेयजल समस्या के समाधान को लेकर भी काम किया जाएगा।

निगम सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आगामी 18 मार्च को निगम सरकार अपना बजट पेश करेगी। हालांकि अभी तारीख का ऐलान नहीं किया गया है, लेकिन माना जा रहा है कि नवरात्र को देखते हुए यही तारीख फाइनल तय की जाएगी। इधर निगम प्रशासन ने भी बजट को लेकर अपनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। बताया गया कि निगम सरकार जहां अपने सदस्यों से काम के लिए सुझाव मांग रही है। वहीं निगम प्रशासन अपनी टीमों से शहर में बुनियादी सुविधाओं को लेकर सर्वे कार्य करा रहा है।

## सौंदर्यीकरण के साथ ही बुनियादी सुविधाओं पर भी रहेगा जोर

### खास बातें

- सभी पार्षदों से भी लिए जा रहे वार्ड विकास के लिए सुझाव
- निगम प्रशासन की आय बढ़ाने पर भी शहर सरकार का जोर




### हर वार्ड में लगेगी टंकियां

निगम सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार हर साल गर्मी के दिनों में होने वाले जलसंकट को देखते हुए उससे निपटने की तैयारियां भी इस आगामी बजट में की जा रही है। बताया गया कि हर वार्ड में ऐसी टंकियां लगाए जाने की योजना तैयार की गई है। जिससे वार्ड के लोगों को पानी उपलब्ध कराया जा सके। खास बात यह है कि मेयर ने एक टीम गठित कर सभी वार्डों में पानी टंकियां लगाए जाने के लिए स्थान चयन की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। बताया गया कि क्षेत्र की आबादी और वहां जल की स्थिति को देखते हुए टंकियों का स्थान चयन किया जा रहा है।

### एमआईसी-जीएमसी का भी होगा आयोजन

मिली जानकारी के अनुसार बजट सभा से पहले निगम सरकार एमआईसी की बैठक भी करेगी। इस बैठक में कई अहम प्रस्ताव को पास किया जाएगा। इसके अलावा एक जीएमसी का भी आयोजन निगम सरकार की तरफ से किया जाएगा। इन सभी बैठकों को लेकर निगम सरकार ने अपनी तैयारियां तेज कर दी है।

### मोहारा में बनेगा ट्रीटमेंट यार्ड

ज्ञात हो कि इस साल सुप्रीम कोर्ट के निर्देश बाद शहर में श्वानों के लिए फीडिंग पाइंट बनाए गए हैं। इससे एक कदम आगे आकर अब निगम मोहारा के करीब आवारा श्वानों को रखने के लिए एक यार्ड तैयार करने का भी प्लान तैयार कर रहा है। इसके अलावा मवेशियों के रखरखाव एवं उनके इलाज के लिए भी एक ट्रीटमेंट यार्ड तैयार किया जाएगा। इस यार्ड में एक साथ तीन से चार दर्जन मवेशियों को रखा जा सकेगा।

# सिलेंडर के दाम बढ़ने पर भड़की कांग्रेस, फूंका पीएम का पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



घरेलू गैस सिलेंडर के दामों में 60 रुपए तथा व्यावसायिक उपयोग वाले सिलेंडरों की कीमत में 115 रुपए की बढ़ोत्तरी के विरोध में जिला शहर कांग्रेस कमेटी और जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के संयुक्त नेतृत्व में रविवार को जयस्तंभ चौक पर उग्र प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया और एलपीजी की बढ़ी हुई दरें तत्काल वापस लेने की मांग की।

कांग्रेस नेता दोपहर लगभग 12.30 बजे मानव मंदिर चौक पर एकत्र हुए। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता और महिला कांग्रेस की सदस्य उपस्थित रही। प्रदर्शन के दौरान युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मोदी सरकार के खिलाफ जोरदार नारे लगाए। वहीं महिलाओं ने बढ़ती महंगाई के विरोध में हाय-हाय के नारे लगाए। इस दौरान पुलिस जवानों की मौजूदगी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री का पुतला दहन कर केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध दर्ज कराया।

इस दौरान विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों से आम जनता सबसे ज्यादा प्रभावित हो रही है।

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण देश में लगातार महंगाई बढ़ रही है। रसोई गैस के दामों में लगातार वृद्धि से आम नागरिकों और गरीब परिवारों की रसोई का बजट बिगड़ गया है। केंद्र सरकार महंगाई नियंत्रित करने में पूरी तरह असफल साबित हुई है और जनता पर लगातार आर्थिक बोझ डाला जा रहा है। प्रदर्शन में पूर्व विधायक छन्नी साहू, पूर्व अध्यक्ष रमेश राठौर, रूपेश दुबे, डॉ. अफताब आलम, कमलजीत सिंह पिंटू, मामराज अग्रवाल, राकेश जोशी, अशोक फड़नवीस, अशोक पंजवानी, जिला प्रवक्ता अनीस खान, उत्तर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष चेतन भानुशाली, ब्लॉक अध्यक्ष टिकेश साहू, अमर झा, अशोक फड़नवीस, प्रेम रूपचंदानी सहित कांग्रेस के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### महंगाई की मार : जितेन्द्र

जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि भाजपा सरकार जनता को राहत देने के बजाय लगातार महंगाई का बोझ बढ़ा रही है। गैस सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि ने आम परिवारों की कमर तोड़ दी है। कांग्रेस पार्टी इस जनविरोधी निर्णय का पुरजोर विरोध करती है और सरकार से तत्काल बढ़ी हुई दरें वापस लेने की मांग करती है।

### गरीबों के साथ अन्याय: विपिन

जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विपिन यादव ने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों ने ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को भी गहरे संकट में डाल दिया है। किसानों और मजदूरों के लिए रसोई गैस का उपयोग पहले ही महंगा था, अब कीमत बढ़ाकर सरकार ने गरीबों के साथ अन्याय किया है। कांग्रेस इस मुद्दे पर जन आंदोलन तेज करेगी।

# शराब पीने पैसा नहीं देने पर जानलेवा हमला करने वाली दो महिलाएं गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव




शराब पीने पैसा नहीं देने पर प्रार्थी से मारपीट किए जाने के मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने दो महिलाओं को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत 4 मार्च को प्रार्थी संजय मंडावी 30 वर्ष निवासी फ्लाई ओवर के नीचे पोस्ट आफिस चौक द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि घटना दिनांक 3 मार्च की रात्रि 12 बजे आरोपी आनंद बिहारी एवं दो महिलाओं द्वारा उसे एवं उसके परिजन को शराब पीने के लिए पैसा मांगे, नहीं देने पर मां-बहन की अश्लील गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देकर डंडा, फायबर का बेत से ताबड़तोड़ हमला कर इसे व इसके परिजनों को गंभीर रूप से चोंट पहुंचाने से ईलाज हेतु पेंड्री स्थित अस्पताल में भर्ती होना बताया। रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 351 (3), 109 (1), 119 (1), 3 (5) बीएनएस कायम कर मामले की गंभीरता को देखते वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल अवगत कराया गया।

### घेराबंदी कर पकड़ी गईं

पुलिस द्वारा टीम गठित कर आरोपियों की लगातार पतासाजी कर मुखबीर की सूचना पर दो महिला आरोपियों को डोंगरगढ़ में घेराबंदी कर पकड़े। घटना के संबंध में पूछताछ पर अपराध स्वीकार किए। जिसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त डंडा, फायबर का बेत को जब्त कर मामले में दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर 7 मार्च को न्यायिक रिमांड पर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जेल वारंट प्राप्त होने पर महिला जेल दुर्ग में दाखिल किया गया। आरोपियान घटना बाद फरार हो गए थे। प्रकरण में एक आरोपी घटना बाद फरार है। जिसकी सरगर्मी से पतासाजी किया जा रहा है, जो शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# रानीसागर और बूढ़ासागर के सौंदर्यीकरण का प्लान तैयार, कृष्णाकुंज के करीब बनेगा आडिटोरियम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर विकास का जायजा लेने के लिए महापौर मधुसूदन यादव, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह एवं कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने राजनांदगांव शहर में प्रस्तावित एवं निर्माणाधीन विभिन्न परियोजनाओं का संयुक्त निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माणाधीन कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से और तय समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने शहर के प्रमुख जलाशयों बूढ़ासागर और रानीसागर का निरीक्षण किया तथा उपलब्ध बजट प्रावधान के अनुरूप इनके सौंदर्यीकरण के लिए विस्तृत कार्य योजना तैयार करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि इन ऐतिहासिक जलाशयों के सौंदर्यीकरण से शहर की सुंदरता और पर्यटन संभावनाओं को बढ़ावा मिलेगा।

## मेयर, पूर्व सांसद और कलेक्टर ने किया शहर का दौरा



### टर्फ का निरीक्षण

इसके साथ ही अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में चल रहे जीर्णोद्धार कार्यों और टर्फ की स्थिति का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कार्य की प्रगति की जानकारी ली और इसे निर्धारित समय में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### गुणवत्ता पर फोकस

महापौर, पूर्व सांसद और कलेक्टर ने गौरव पथ में निर्माणाधीन नालंदा परिसर का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से निर्माण कार्य की गुणवत्ता बनाए रखते हुए इसे शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। राजनांदगांव शहर में प्रस्तावित 2000 सीटर अत्याधुनिक ऑडिटोरियम के निर्माण के लिए कुंज विहार कॉलोनी स्थित कृष्ण कुंज के पास प्रस्तावित स्थल का भी अवलोकन किया गया। उन्होंने अधिकारियों को शीघ्र कार्य योजना तैयार कर निर्माण कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

## नगर निगम का आयोजन, हजार से अधिक महिलाओं का सम्मान

# हर क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर नगर निगम द्वारा शहर के पुष्प वाटिका योगा हॉल में महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में पूर्व सांसद अभिषेक सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। महिला सम्मान समारोह में विशिष्ट कार्य करने वाली महिलाओ सहित स्वच्छता दीदी, वोमेन फार ट्री की महिला, मितानिन, ई-रिक्शा महिला चालक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं का अभिषेक सिंह सहित महापौर मधुसूदन यादव, श्रम कल्याण मंडल अध्यक्ष योगेशदत्त मिश्रा, बीस सूत्रीय क्रियान्वयन समिति के पूर्व उपाध्यक्ष खूबचंद पारख, विधायक प्रतिनिधि संतोष अग्रवाल, कृषि उपज मंडी के पूर्व उपाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल एवं जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी ने स्मृति चिन्ह व साड़ी देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई देते पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने कहा कि हर दिन मां, बहन, बेटी एवं बहू के रूप में महिला का सम्मान करना चाहिए, क्योंकि जहां नारी का सम्मान होता है, वहां देवी-देवता निवास करते हैं। उन्होंने कहा कि समाज के हर बच्चे को पढ़ने का अवसर मिले, हर महिला कैसे सुरक्षित हो इसकी चिंता करनी है।

⏩ शेष पेज 12 पर




**सम्मानित हुई महिलाएं:** इस आयोजन में जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह, एसपी अंकिता शर्मा, रेलवे थाना प्रभारी पंडवानी गायिका तरूणा साहू, जेसीबी चालक दम्यंती सोनी, केंसर वारियर सिद्धी मिरानी, स्वच्छता दीदी, बीएसएफ में चयनित सरस्वती साहू एवं मुक्तिधाम में सेवा देने वाली संतोषी ठाकुर सहित अन्य महिलाओं को सम्मानित किया गया।

### शहर बनेगा सुंदर: महापौर

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि नगर निगम द्वारा महिलाओं का सम्मान समारोह एवं स्वच्छता सर्वेक्षण संगोष्ठी आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि आज 1 हजार महिलाएं जो विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रही है, वहीं कुछ महिलाएं विशिष्ट कार्य किए हैं उन्हे, सम्मानित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिना जनसहयोग के हम शहर को स्वच्छ एवं सुंदर नहीं बना सकते। आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण में उच्च स्थान प्राप्त करने सबकी सहभागिता आवश्यक है।

**सीईओ ने दिया जल संरक्षण पर जोर:** कार्यक्रम में महिलाओं के लिए स्वच्छता संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया। जिसमें जिला पंचायत राजनांदगांव की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरुचि सिंह ने स्वच्छता और जल संरक्षण के बारे में सारगर्भित जानकारी देते जल है तो कल है और स्वच्छ रहेंगे तो स्वस्थ रहेंगे को चरितार्थ करने कहा।

### निर्णय लेने की क्षमता करें विकसित

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर एसपी अंकिता शर्मा ने महिलाओं बधाई और शुभकामनाएं देते कहा कि वर्ष का 365 दिन महिलाओं का होता है, लेकिन आज का दिन अपने समर्पण, साहस और जो जीवन में हासिल किया है, उसके जश्न का दिन है। उन्होंने कहा कि सभी अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
हृदय रोग की सम्पूर्ण जाँच एवं चिकित्सा
डॉ. जाहिद के. खान
MBBS MD, DM, CARDIOLOGY (JJN MUMBAI)
सुविधाएं उपलब्ध
ई.सी.जी., 2 डी इको, नवजात शिशु बाल रोग के 2डी इको, टी.एम.टी., होलटर
• सीने में भारीपन
• उच्च रक्तचाप,
• ब्लड शुगर, • थायराइड
• चलने पर सांस फूलना,
• कंधों में जकड़न,
• धड़कन का कम या ज्यादा होना
• चक्कर आकर बेहोशी • हार्ट अटैक
• कोलेस्ट्रोल का बढ़ना • पैरों में सूजन,
• पेट पर सूजन, • दिल के वाल्व खराब होना आदि रोगों का उपचार.
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप



### बच्चों ने पेड़ों के साथ मनाई होली

**छुईखदान।** प्राथमिक शाला जुझारा के बच्चों ने पेड़ो को गुलाल- रंग लगाकर होली मनाया। शाला नायक तनु वर्मा एवं ज्योति साहू की मार्ग दर्शन में सभी पेड़ो में पानी और खाद डालकर रक्षा करने की शपथ लिया गया। बच्चों ने पेड़ पौधों को गुलाल से तिलक लगाकर प्रकृति जोहार करते हुए देखभाल करने की शपथ ली। सभी बच्चों ने फागुन गीतों पर नृत्य किया। इस अवसर पर प्रधानपाठक संजीव ध्रुव, मोहित धुर्वे, मुकेश साहू, राजबाई विश्वकर्मा आदि मौजूद थे।

### डबल इंजन सरकार में महंगाई की दोहरी मार



**डोंगरगांव।** रसोई गैस की कीमतों में बढ़ोतरी पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष टिकेश साहू ने केंद्र और राज्य की डबल इंजन सरकार पर तीखा निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई से जनता पहले ही परेशान है, और अब गैस सिलेंडर के दामों में वृद्धि लोगों पर दोहरी मार साबित हो रही है। उन्होंने बताया कि घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत में 60 रुपए तथा व्यवसायिक गैस सिलेंडर में करीब 115 रुपए की बढ़ोतरी की गई है, जिससे आम परिवारों के साथ छोटे दुकानदारों पर आर्थिक बोझ पड़ रहा है। श्री साहू ने कहा कि महंगाई पर नियंत्रण करने में सरकार पूरी तरह विफल साबित हो रही है। रसोई गैस, पेट्रोल-डीजल और आवश्यक वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ने से आम आदमी का बजट बिगड़ते जा रहा है। उन्होंने रसोई गैस की कीमतों में की गई बढ़ोतरी को तत्काल वापस लेने की मांग की है।

### संड़ी- पंडरिया पहुंच मार्ग जर्जर

**सड़क अतरिया।** संड़ी से पंडरिया पहुंच मार्ग बीते पांच साल से जर्जर स्थिति में है। क्षेत्र के ग्रामीण लगातार सड़क जीर्णोधार की मांग कर रहें हैं पर अब तक सड़क की मरम्मत नहीं हो सकी है। करीब दो किलोमीटर तक सडक पर गड्ढे ही गड्ढे नजर आ रहे हैं। मार्ग खराब होने से किसान, छात्र, व्यापारी आदि को रोज परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कृषकों को बताया सड़क खराब होने से उपज को खेत से लाने तथा विक्रय के लिए ले जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसी प्रकार स्कूली छात्रों को भी उबड खाबड़ मार्ग से आवागमन करने में परेशानी झेलना पड़ रहा है। ग्रामीण कई दफा विभाग एवं जनप्रतिनिधियों से मार्ग दुरूस्त कराने की मांग कर चुके हैं

महतारी सम्मेलन में विविध विषयों पर चर्चा, महिलाओं के योगदान पर वक्ताओं ने डाला प्रकाश

# सशक्त महिला ही सशक्त राष्ट्र के निर्माण की पहचान : वैष्णव

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

महिला दिवस के अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग ने सामुदायिक भवन में महतारी सम्मेलन का आयोजन किया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव थी। अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिपं सभापति बिरम मंडावी, रविन्द्र वैष्णव, जनपद सभापति उत्तरा निषाद, भानबाई कंवर, नैनसिंह पटेल, मनभावन सिंह उईके, राजेश्वर धुर्वे मौजूद थे।

उक्त सम्मेलन में महिला सशक्तिकरण, मातृशक्ति के सम्मान और समाज के विकास में महिलाओं की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्य अतिथि श्रीमती वैष्णव ने कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी को सदैव शक्ति, सम्मान और संस्कार की आधार रही है। आज महिलाएं शिक्षा, प्रशासन, राजनीति, खेल, विज्ञान और व्यापार सहित हर क्षेत्र में लोहा मनवा रही हैं। उन्होंने कहा कि जब एक महिला सशक्त होती है तो उसके साथ उसका परिवार, समाज और देश भी सशक्त होता है।



### महिला ही विकास का आधार

जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा ने कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल एक नारा नहीं बल्कि समाज के समग्र विकास का आधार है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और नेतृत्व के अवसर प्रदान करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। इस दौरान महिलाओं को स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, स्वावलंबन और सामाजिक जागरूकता से जुड़े विभिन्न विषयों पर जानकारी दी गई।

## महिला सशक्तिकरण से समाज का विकास संभव



**अर्जुनी।** स्थानीय नवीन शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर के निर्देशन रविवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि सरपंच ललिता साहू, विशिष्ट अतिथि सहायक प्राध्यापक डॉ सुषमा तिवारी एवं शिक्षिका ज्योति तिवारी थी। सर्वप्रथम प्राचार्य ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि महिला दिवस एक आयोजन नहीं बल्कि यह हमें वैश्विक स्तर पर एकता सहयोग और जागरूकता का संदेश देता है।

तत्पश्चात ज्योति तिवारी ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि सामाजिक आर्थिक मुद्दों के प्रति सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। डॉ सुषमा तिवारी ने कहा कि महिलाएं शिक्षा विज्ञान राजनीति खेल एवं विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां प्राप्त कर रही है। उन्होंने कहा महिला सशक्तिकरण केवल महिलाओं का ही नहीं पूरे समाज का आधार है। सरपंच श्रीमती साहू ने कहा कि महिला दिवस महिलाओं के संघर्ष, उपलब्धियों और उनके सम्मान का प्रतीक है। इस दौरान विभिन्न आयोजन किए गए जिसमें तीनों संकाय की छात्राओं ने भाग लिया। नाटक, गीत, नृत्य के माध्यम से नारी शक्ति का महत्व को बताया गया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ संजू सिंह ने किया। इस दौरान अतिथि व्याख्याता डॉ काव्या जैन, डॉ हेमलता विरदी, कंचन साहू, चांदनी पराते, हिमानी साहू, संध्या गावरे, ओमप्रकाश सहारे, ज्ञानेश्वर देवांगन, चंद्रकांत कुंभकार, खेलन साहू उपस्थित थे। संचालन एवं समापन शुभी जैन ने किया।

## तुलसी के हुनर से मिट्टी ले रही आकार

**डोंगरगांव।** विरासत में मिले अनुभव और सतत प्रयास से तुलसी देवेंद्र पांडे बिना ट्रेनिंग हासिल किए एक मूर्तिकार की तरह प्रतिमा को मूर्तरूप दे रही है। ग्राम अड़ाम के सोहन कुंभकार और उनके पिता चिंताराम भी मूर्तियां बनाया करते थे। इसी परिवार में पैदा हुई तुलसी बचपन से परिजनों की मिट्टी की मूर्तियां गढ़ते देखते रही है। बारहवीं तक पढ़ाई के दौरान मूर्तिकला की लेकर रुचि नहीं थी। पढ़ाई के बाद उसे लगा कि वह भी इस फील्ड में कुछ कर सकती है और उसने मूर्तियां बनाना शुरू किया। प्रारंभिक दिनों में परेशानियां जरूर हुई किंतु उसने सतत प्रयास जारी रखा। ससुराल में भी मूर्तियां बनाने का काम होने के कारण उसकी प्रतिभा को बल मिला और वह बिना प्रशिक्षण के मिट्टी को जीवंत रूप देने लगी है। वह न सिर्फ मिट्टी की मूर्तियां बनाती है बल्कि जरूरत पड़ने पर पेंटर की भूमिका निभाते हुए मूर्तियों का रंग रोगन करती है। तुलसी का कहना है उनके जैसे अन्य की विधिवत प्रशिक्षण मिले तो मूर्तिकला को बढ़ावा तो मिलेगा साथ उनकी आय में भी बढ़ोतरी होगी।



बिना प्रशिक्षण के गढ़ रही मिट्टी की प्रतिमाएं

## जालबांधा कॉलेज का बनेगा भवन, 1 करोड़ रुपए मंजूर



- लंबे प्रयास के बाद मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ जालबांधा

क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। राज्य सरकार ने बजट में शासकीय महाविद्यालय जालबांधा के भवन निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। पहले चरण के लिए 1 करोड़ का प्रावधान किया गया है। भवन निर्माण के साथ महाविद्यालय में आधुनिक कक्षा, पुस्तकालय, प्रयोगशाला और अन्य शैक्षणिक सुविधाओं का विकास हो सकेगा। जानकारी के अनुसार जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष जयप्रकाश साहू और सदस्य लंबे समय से भवन निर्माण की दिशा में प्रयास कर रहे थे। उनके प्रयासों से भवन निर्माण के लिए राशि स्वीकृत की गई है। श्री साहू ने कहा कि वर्षों से महाविद्यालय के भवन की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। अब स्वीकृति मिलने के बाद उम्मीद है कि निर्माण जल्द शुरू होगा।

भवन की स्वीकृति मिलने पर जनभागीदारी समिति और क्षेत्र के लोगों ने मुख्यमंत्री, वित्त मंत्री, उच्च शिक्षा मंत्री, प्रभारी मंत्री, सांसद, जिला पंचायत अध्यक्ष और जिला पंचायत उपाध्यक्ष का आभार व्यक्त किया है।

## घोरदा साहू संघ के पदाधिकारियों ने संभाला पदभार



हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

परिक्षेत्र साहू संघ घोरदा ने शपथ ग्रहण एवं होली मिलन समारोह का आयोजन किया। शपथ समारोह का आयोजन तहसील साहू संघ के अध्यक्ष शिवराम साहू के मुख्य आतिथ्य और तहसील संरक्षक हेमंत साहू की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

विशेष अतिथि पूर्व महामंत्री अमरनाथ साहू, गणेश साहू थे। अतिथियो की उपस्थिति में नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने शपथ ग्रहण किया। तहसील साहू संघ के अध्यक्ष शिवराम साहू ने परिक्षेत्र अध्यक्ष चुनेश्वर साहू, उपाध्यक्ष लविंद्र साव, दीपिका साहू, संगठन सचिव गिरीश साहू, पूनम साहू, सचिव हिरदेराम साहू, कोषाध्यक्ष भैयालाल साहू, सलाहकार चेतनदास साहू, तीरथ साहू, प्रकोष्ठ संयोजक देवेंद्र साहू, भूषण साहू, मोहनीश साहू, दीनाराम साहू, धन्नू साहू, ओम साहू, भीखम साहू, भोलादास साहू, बलिराम साहू, सावित्री साहू, मिनेश साहू को शपथ ग्रहण कराया गया। इसी क्रम में परिक्षेत्र अध्यक्ष चुनेश्वर साहू ने अधीनस्थ ग्राम के अध्यक्ष,सचिव एवं अन्य को शपथ ग्रहण कराया।

### नियमावली का करें पालन

इस मौके पर अमरनाथ साहू ने कहा कि सभी पदाधिकारियों को सामाजिक नियमावली का पालन करते हुए एकता और अखंडता के साथ विकसित समाज की परिकल्पना को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध रहना चाहिए। मुख्य अतिथि शिवराम साहू, हेमंत साहू, गणेश साहू ने निस्वार्थ भाव से दायित्वों के निर्वहन की प्रेरणा दी। संचालन लविंद्र साव एवं आभार ज्ञापन चुनेश्वर साहू ने किया। इस मौके पर पूनम साहू, हकिन साहू, कृष्णलाल, मोहित साहू, मामेश साहू, जीवनलाल, रूपसिंह, यादराम, राजेश साहू, दुर्गाप्रसाद, फूलचंद आदि मौजूद थे।

## मजदूरी भुगतान 8 सप्ताह से लंबित



**सड़क अतरिया।** मनरेगा में काम करने वाले श्रमिकों को लंबे समय से मजदूरी का भुगतान नहीं हुआ है। मजदूरी के लिए मजदूर पंचायत एवं जनपद का चक्कर काट रहे हैं। जानकारी अनुसार क्षेत्र में बीते दो माह से मनरेगा के तहत काम चल रहे हैं। गांव के सैकड़ों मजदूर काम कर रहें हैं किन्तु बीते 8 सप्ताह से मजदूरों को मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया है। जिला पंचायत सदस्य निर्मला विजय वर्मा ने इस मामले को लेकर भाजपा सरकार को मजदूर विरोधी बताते हुए कहा कि जब केन्द्र में कांग्रेस की सरकार था तब पलायन रोकने और गांव में रोजगार के अवसर पैदा करने महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना की शुरु किया था लेकिन अब सरकार की गलत नीति के चलते मजदूरों को मजदूरी तक नहीं मिल रही है।

### होली का रंग फीका

क्षेत्र के मजदूरों ने बताया कि बीते 8 सप्ताह से मनरेगा के तहत काम करते आ रहे हैं। उम्मीद थी कि होली पूर्व भुगतान मिल जाएगा परन्तु झुरानदी, सड़क अतरिया, कुकुरमुड़ा सहित अन्य गांव में मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया। जबकि मूल्यांकन के पखवाड़े भर बाद भुगतान मिलने का दावा किया गया था। दो माह बाद भी मजदूर भुगतान से वंचित हैं। मनरेगा मजदूरों ने शीघ्र मजदूरी भुगतान की मांग की है।

## दीनदयाल सिन्हा को मिली भाजपा पिव मोर्चा में महामंत्री का दायित्व



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा की नवीन जिला कार्यकारिणी मे जिलाध्यक्ष राजकुमार जंघेल ने दीनदयाल सिंहा को जिला महामंत्री की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है।

बीते तीस सालो से भाजपा की सक्रिय राजनीति से जुडक़र श्री सिंहा संगठनात्मक कार्यों और सामाजिक गतिविधियों में निरंतर सहभागीता रहे है। दो बार जालबांधा के सरपंच और एक बार के दीनदयाल सिंहा राजनांदगांव में भाजपा संगठन के कार्यकारिणी सदस्य के रूप में दो बार दायित्व निभा चुके है। शक्ति केंद्र व सेक्टर प्रभारी दायित्व के रूप मे मैदानी कार्यकर्ता के रूपे मे चिंहित श्री सिंहा वर्तमान मे सिन्हा समाज के जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी भी संभाल रहे हैं। पार्टी नेतृत्व ने अनुभव, संगठन के प्रति निष्ठा और जनसंपर्क क्षमता को देखते हुए उन्हें पिछड़ा वर्ग मोर्चा का जिला महामंत्री नियुक्त किया है।

### वरिष्ठों का जताया आभार

नवनियुक्त महामंत्री दीनदयाल सिन्हा ने कहा कि वे पार्टी की रीति-नीति और केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य करेंगे। उन्होंने जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, भाजपा नेता घम्मन साहू, जिलाध्यक्ष बिसेसर साहू, जिला अध्यक्ष राजकुमार जंघेल सहित शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया है। कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने दीनदयाल सिन्हा को नई जिम्मेदारी मिलने पर शुभकामना देते हुए विश्वास जताया है कि उनके मार्गदर्शन में पिछड़ा वर्ग मोर्चा संगठन को नई दिशा और मजबूती मिलेगी।



**राजनांदगांव।** कलेक्टर ने जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया।

सर्वर हो जाता है डाउन, 5-जी की मांग अधूरी

# नहीं सुधर रही संचार व्यवस्था

## ग्रामीण उपभोक्ता हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

क्षेत्र की संचार व्यवस्था पटरी से उतर गई है जिससे लोगों को काफी परेशान होना पड़ रहा है। आए दिन सर्वर कमजोर हो जाता है। लगातार शिकायत के बाद भी संचार व्यवस्था में किसी प्रकार को सुधार होता नहीं दिख रहा है जिसके चलते महंगा रिचार्ज कराने के बाद भी लोग ठगा सा महसूस कर रहे हैं।

जानकारी के अनुसार बीते साल भर से संचार व्यवस्था का काफी बुरा हाल है जिसके चलते आनलाईन दुकान, बैंक, डाकघर, सोसायटी, स्कूल आदि के कार्य आए दिन बाधित होते रहते है। क्षेत्र की पंचायत, बैंक, राशन अन्य विभागों को आनलाईन सुविधा से जोड़ा जा चुका है पर संचार व्यवस्था के लचर होने से लोगों को सुविधा कम परेशानी ज्यादा हो रही है।

### गांव आज भी उपेक्षित

शहरी क्षेत्र में विभिन्न संचार कम्पनी 5 जी सुविधा उपलब्ध करा रही है किन्तु इस सुविधा से ग्रामीण वंचित हैं। ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ता भी 5 जी सुविधा की मांग कर रहें हैं पर अब तक इस सुविधा को चालू करने की पहल नहीं हुई है।



### आए दिन सर्वर डाऊन

क्षेत्र में सबसे अधिक जियो के उपभोक्ता है। इसके बाद एयरटेल, आइडिया, बीएसएनएल के उपभोक्ता है। उपभोक्ताओं ने बताया कि खराब संचार व्यवस्था के कारण आम मोबाईल उपभोक्ता सहित आनलाईन सेंटर चलाने वाले परेशान है। सीएससी सेंटर के संचालक महेन्द्र कुमार, उमेश जंघेल, रवि कुमार ने बताया कि सर्वर डाउन होने से आनलाईन काम करने में दिक्कतें आ रही है। यह स्थिति करीब साल भर से बनी है। सोसायटी के बलदेव कुमार ने बताया कि कमजोर नेटवर्क के चलते किसानों का फसल बीमा, धान पंजीयन, खाद, बीज वितरण सहित अन्य कार्यो में काफी दिक्कत होती है। डाकघर के समीर मोहम्मद ने बताया कि आए दिन नेटवर्क खराबी के कारण कार्यालय का कार्य धीमी गति से होता है। पैसा जमा एवं निकासी में समय काफी अधिक लगता है। खाता खोलने के लिए भी ग्रामीणों को लंबा इंतजार करना पड़ता है।

### बढ़ते गए उपभोक्ता, बिगड़ती गई व्यवस्था

जियो के उपभोक्ताओं ने बताया कि साल भर पहले नेटवर्क काफी अच्छा था। तब उपभोक्ता अन्य कम्पनी के सिम को फोर्ट करा लिया था। वर्तमान करीब 80 फीसदी लोग इसी कम्पनी के संचार व्यवस्था का उपयोग कर रहें है किन्तु अब जियो का नेटवर्क भी कमजोर हो गया है स्थिति यह है कि लोगों को नेट का उपयोग करने के लिए घर से बाहर या छत पर चढ़ना पड़ता है। नेटवर्क को लेकर कंपनी से कई बार शिकायत होने के बाद भी दुरूस्त नही किया जा रहा है। इसी प्रकार की समस्या काल करने पर भी देखा जा रहा है। कई बार नेटवर्क में होने के बाद में भी मोबाईल को नेटवर्क से बाहर बताया जाता है। बात करते करते काल कट जाता है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### पांच दिवसीय जयंती महोत्सव का होगा आयोजन

**राजनांदगांव।** बौद्ध कल्याण समिति राजनांदगांव द्वारा 8 मार्च को एक आमसभा का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य विषय आगामी 14 अप्रैल 2026 को विश्व रत्न परम पूज्य डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती के भव्य आयोजन को लेकर चर्चा करना था। सभा में शहर के विभिन्न वार्डों से आए सामाजिक सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और जयंती आयोजन को लेकर अपने सुझाव एवं विचार रखे। बौद्ध कल्याण समिति द्वारा पिछले कई वर्षों से राजनांदगांव में डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर जयंती का ऐतिहासिक और भव्य आयोजन किया जाता रहा है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते इस वर्ष भी सभी समाजजनों ने मिलकर आयोजन करने का निर्णय लिया।
समिति के मीडिया प्रभारी विनोद श्रीरंगे ने बताया कि आमसभा में सर्वसम्मति से इस वर्ष पांच दिवसीय अंबेडकर जयंती महोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया है। इस बार भी भव्य रैली और विविध सामाजिक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें 11 अप्रैल को महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती कार्यक्रम, 12 अप्रैल को बच्चों एवं महिलाओं के सांस्कृतिक कार्यक्रम, 13 अप्रैल को भव्य बाइक रैली, 14 अप्रैल को मुख्य जयंती समारोह का आयोजन सिविल लाइन जाली खाता राजनांदगांव में तथा 15 अप्रैल को विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं समापन समारोह का आयोजन किया जाएगा।

### लाखों खर्च करने के बाद नलों में नहीं आ रहा पानी

# गर्मी के शुरूआत से ही गहराने लगा गांवों में पेयजल संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

गर्मी के शुरूवात में ही तापमान तेजी से बढ़ने लगा है। जिसके चलते जलस्तर में लगातार गिरावट देखा जा रहा है। तालाब, कुआं, हैंडपम्प का पानी तेजी से सुखने लगा है। जिससे लोगों को आने वाले समय में पेयजल एवं निस्तारी के लिए जद्दोजहद करना पड़ सकता है। वर्तमान में ग्रामीण इलाकों में लोगों को पेयजल उपलब्ध कराने में नलजल योजना प्रमुख आधार है, लेकिन क्षेत्र के कुछ गांव में यह योजना एक गंभीर समस्या बनी हुई है।

ज्यादातर गांव में हैंडपम्प, कुआं की उपयोगिता नगण्य हो चुकी है और लोग पानी के लिए नल-जल योजना पर ही आश्रित है, परन्तु विभागीय उदासीनता के कारण कुछ गांव के ग्रामीण योजना के लाभ से वंचित हो रहे हैं। योजना से लोगों को यथोचित लाभ नहीं मिल पा रहा है। क्षेत्र के मानपुर, बगदूर, चकनार, बेलगांव, पंडरिया सहित कुछ अन्य गांव में लाखों की लागत से बनी पानी टंकी केवल गांव की शोभा बढ़ा रही है। ग्राम पंचायत जीराटोला के आश्रित ग्राम बगदूर में जल जीवन मिशन के तहत लाखों की लागत से पानी टंकी का निर्माण एवं पाईप लाईन का विस्तार किया जा चुका है।

निर्माण कार्य को पूर्ण हुए लगभग तीन साल हो गया है, लेकिन आज पर्यंत तक घरों में लगे नल में पानी नहीं आया है। तीन साल पहले जब योजना के तहत निर्माण शुरू हुआ था, तब ग्रामीणों में हर्ष का माहौल था कि अब उनकी शुद्ध पेयजल की समस्या दूर हो जायेगी, पर ग्रामीणों का यह सपना आज भी अधूरा है। यहां के लोगों को लम्बी दूरी तय कर पानी लाना पड़ रहा हैं। ग्राम जीराटोला में भी नवीन टंकी की यही स्थिति है। यहां दो बोर से डायरेक्ट पानी सप्लाई देकर घरों में पानी पहुंचाया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया की जीराटोला, बगदूर दोनों गांव में पाईप लाईन का विस्तार अधूरा है।



#### उम्मीद में ग्रामीण

इसी प्रकार ग्राम पंचायत मानपुर नाका के ग्रामीण भी बीते ढाई साल से इस उम्मीद में है, कि गांव में नल जल योजना शुरू होगी और उनके घर भी नल से पानी आयेगा। इस गांव में भी लगभग ढाई साल पहले नल जल योजना के माध्यम से सभी घरों में शुद्ध पेय जल उपलब्ध कराने का कार्य शुरू किया गया था, जो अब तक अधूरा पड़ा है। गांव के इंदिरा आवास मोहल्ले में रहने वाले मोहल्ला वासियों ने बताया कि गांव के इस मोहल्ले में करीब पचास घर निवासरत है। जिनके पेयजल एवं निस्तारी जल की कोई व्यवस्था नहीं है। एक हैंडपम्प के भरोसे पूरा मोहल्ला जीवन यापन कर रहा है। समस्या को देखते हुए पंचायत द्वारा हैंडपम्प में मोटर पम्प लगाया है। सुबह और शाम पानी के लिए लोगों की लम्बी कतार लगी रहती है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव की लम्बाई लगभग आधा किलोमीटर है। जिसके एक छोर में पानी टंकी का निर्माण किया गया है तथा दूसरे छोर में योजना का बोर है। इस बोर से कुछ घरों को ही पानी उपलब्ध कराया जा रहा है।

#### पाईप लाइन का अधूरा विस्तार

ग्राम पंचायत के सरपंच बोधन मेरावी ने बताया कि योजना तहत पानी टंकी का निर्माण और पाईप लाईन का विस्तार कार्य दो साल से अधूरा पड़ा है। गांव के 3 सौ घरों को पेयजल उपलब्ध कराया जाना है, पर निर्माण अधूरा होने से डायरेक्ट बोर से लगभग सौ घरों को ही पानी मिल पा रहा है। दो सौ घर योजना से नहीं जुड़ पाया है।

#### नहीं हो रही कार्रवाई

चकनार, मानपुर, बेलगांव, पंडरिया, जोम, बगदूर के ग्रामीण निर्माण में गड़बड़ी एवं योजना का लाभ पहुंचाने में नाकामयाबी पर जिम्मेदार ठेकेदार और अधिकारी पर कार्यवाही की मांग कर रहे। निर्माण कार्य पूर्ण होने के तीन साल बाद भी इस योजना का सही लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है। इस मामले में विभाग और जनप्रतिनिधि से केवल आश्वासन बस ग्रामीणों को मिल रहा है।

# फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी पर कार्यशाला आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय दिग्विजय कॉलेज की प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के निर्देशन में पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. बीएन जागृत के मार्गदर्शन में वैल्यू एडेड कोर्स के अंतर्गत फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला मुख्य अतिथि प्रभारी प्राचार्य डॉ. अमिता बख्शी, पुणे से प्रणेश कुमार, सरकारी दामाद फिल्म की मुख्य अभिनेत्री सुरभि श्रीवास्तव, अभिनेता यशवंत आनंद एवं छत्तीसगढ़ी फिल्म सरकारी दामाद की पूरी टीम की उपस्थित में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. बीएन जागृत ने उद्बोधन में रेखांकित किया कि आज के डिजिटल युग में फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी न केवल एक ट्रेंडिंग स्किल्स है, बल्कि आत्मनिर्भर बनने और लाभार्जन करने का एक सशक्त माध्यम भी है। प्रभारी प्राचार्य डॉ. अमिता बख्शी ने पत्रकारिता विभाग की पहल की सराहना करते कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों का व्यावहारिक ज्ञान बढ़ता है। कार्यक्रम का संचालन विभा सिंह व आभार डॉ. प्रवीण साहू ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राध्यापक अमितेश सोनकर, डॉ. रेशमी की सक्रिय भूमिका रही। साथ ही बड़ी संख्या में प्राध्यापकों एवं विद्यार्थीयों की उपस्थिति रही।

#### बारीकियों से कराया अवगत

कार्यशाला के तकनीकी सत्र में फिल्म सरकारी दामाद के स्क्रिप्ट राइटर ने विद्यार्थियों को पटकथा लेखन और कहानी को दृश्यों में ढालने की बारीकियों से अवगत कराया। वहीं फिल्म की मुख्य अभिनेत्री सुरभि श्रीवास्तव ने ग्लैमर जगत और पत्रकारिता के अंतर्संबंधों पर चर्चा करते कहा कि इस क्षेत्र में करियर की अपार संभावनाएं मौजूद है। बस आवश्यकता है तो कड़े परिश्रम और निरंतर सीखने की ललक की।

# श्रेष्ठ कार्य व नवाचार से आदर्श स्थापित कर रही डॉ. पद्मा साहू

## मिलेगा राज्यपाल शिक्षक सम्मान



**खैरागढ़।** ब्लाक के संडी प्राशा की प्रधान पाठिका डॉ पद्मा साहू उत्कृष्ट शिक्षिका के अलावा उम्दा साहित्यकार के रूप मे लगातार बच्चों और नई पीढ़ी के प्रति समर्पित होकर विशिष्ट शैली और नवाचार के माध्यम से निरन्तर बेहतर कार्य कर रही है। विशेषकर बेटियों के लिए श्रेष्ठ कार्यों से पद्मा साहू आदर्श स्थापित कर रही है। गौरतलब है कि अब तक शिक्षा जगत के क्षेत्र में प्रदेश व अन्य प्रदेशों में भी काव्य जगत में अपनी लेखनी व कृतियों से डॉ. पद्मा साहू पर्वणी को अनगिनत प्रतिष्ठित पुरस्कारों से नवाजा जा चुका है। वही अपने बेहतर नवाचार एवं विशिष्ट शैली से बच्चों की नींव मजबूत कर उनका बेहतर भविष्य गढ़ रही है। बीते दिनो उनकी इसी काबिलियत की वजह से उप्र के फिरोजाबाद में पंडित गया प्रसाद लोकनिधि अलंकरण पुरस्कार से सम्मानित किया गया है जो पूरे प्रदेश के लिए बड़ी उपलब्धि है।

#### महिलाएं ही दुनिया को बनाती है सशक्त

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर शिक्षिका व साहित्यकार डॉ. पद्मा साहू पर्वणी ने कहा कि सशक्त महिलाएं ही दुनिया को सशक्त बनाती हैं और आज ही नहीं बल्कि हर दिन, सशक्त महिलाओं को समर्पित है और हर दिन खास और महिला दिवस है. उन्होंने नई पीढ़ी को संदेश देते हुए कहा कि आइए हम सब मिलकर एक ऐसे समाज के निर्माण की दिशा में काम करें जहां महिलाओं को समान अवसर प्राप्त हों और वे अपनी क्षमताओं के बल पर आगे बढ़कर बड़ी सफलता हासिल कर सके। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को लेकर डॉ. पद्मा साहू ने कहा कि मेरी कामना है कि हर महिला और बेटी को खुलकर बोलने, अपनी अलग पहचान बनाने और अपने आप को विशिष्ट रूप से जीने का साहस मिले और सभी महिलाएं अपने वास्तविक स्वरूप में रहकर अपने आस-पास के लोगों को भी प्रेरित करती रहें और नये आयाम स्थापित करने के साहस और अपने दम पर खड़े रहने की शक्ति से भरा सभी का जीवन हो। वरिष्ठ अधिवक्ता घम्मन साहू की धर्मपत्नि डॉ पद्मा साहू ने कहा कि जीवन में कुछ बेहतर करने, हर मोड़ पर कदम से कदम मिलाकर सहयोग और साथ दिया है और यही वजह है कि वो आज महिलाओं, समाज एवं नई पीढ़ी के हित में खुद को मिली आजादी और सभी के समर्थन की वजह से निरंतर कुछ बेहतर कार्य कर पा रही है।

### कैदियों की टीबी जांच

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत निक्षय निरामय पहचान एवं उपचार अभियान के तहत टीबी के उच्च जोखिम समूहों का चिन्हांकन किया जा रहा है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एनआर नवरतन ने बताया कि राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत सेंट्रल टीबी डिवीजन द्वारा राजनांदगांव जिले को प्राप्त हैंड हैल्ड एक्स-रे मशीन के माध्यम से जिला जेल राजनांदगांव के 403 कैदियों का एक्स-रे मशीन के माध्यम से जांच का कार्य किया जा रहा है। प्रथम दिवस 74 कैदियों की जांच एक्स-रे मशीन के माध्यम से किया गया।

# शिवनाथ महाविद्यालय में पदक वितरण और सांस्कृतिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गौरवपथ स्थित शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय परिसर में 28 फरवरी को आयोजित वार्षिक पदक वितरण समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम (सत्र 2025-26) में महाविद्यालय की पत्रिका अभ्युदय का विमोचन सांसद संतोष पांडे के मुख्य अतिथि में हुआ। अध्यक्षता महापौर मधुसूदन यादव ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में खूबचंद पारख, सचिन सिंह बघेल, पूर्व प्राचार्य सुमन बघेल की उपस्थिति रही। यह समारोह मेधावी विद्यार्थियों की उत्कृष्ट उपलब्धियों के सम्मान के साथ-साथ शिक्षा, संस्कृति,




पर्यावरण संरक्षण एवं संस्थागत विकास के संकल्प का प्रतीक बनकर उभरा। कार्यक्रम में सैकड़ों छात्र-छात्राएं, अभिभावक, प्राध्यापकगण, समाजसेवी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

प्रभारी प्राचार्य डॉ. निर्मला उमरे ने स्वागत भाषण में महाविद्यालय की भावी विकास योजनाओं का प्रभावशाली प्रस्तुतीकरण किया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप बहुविषयक शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु अतिरिक्त कक्षों का निर्माण, रिक्त शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक पदों की पूर्ति, 20 किलोवॉट सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना तथा आधुनिक डिजिटल सुविधाओं से युक्त ग्रंथालय-वाचनालय का निर्माण प्रस्तावित है।

#### राष्ट्रसेवा की भावना अपनाने का दिया संदेश

मुख्य अतिथि सांसद संतोष पांडेय ने विद्यार्थियों को उच्च आदर्शों, निरंतर परिश्रम एवं राष्ट्रसेवा की भावना अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने स्वर्ण पदक विजेताओं को बधाई देते कहा कि उनकी सफलता परिवार, शिक्षकों एवं समाज की सामूहिक साधना का परिणाम है। उन्होंने महाविद्यालय को दो आधुनिक इंटरएक्टिव स्मार्ट बोर्ड प्रदान करने की घोषणा करते शिक्षा के क्षेत्र में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। अध्यक्षता करते महापौर मधुसूदन यादव ने महाविद्यालय को शहर की शैक्षणिक शान बताते परिसर विकास हेतु पीछे की बाउंड्रीवॉल निर्माण के लिए 15 लाख रुपए तथा महाविद्यालय के सेमिनार हाल में अतिरिक्त निर्माण गार्डन हेतु एवं काऊ केचर के लिए आश्वस्त किया कि यह कार्य निश्चित ही होगा। जनभागीदारी समिति अध्यक्ष रवि सिन्हा ने भी अपने विचार रखे।

# दिग्विजय महाविद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव के भौतिक शास्त्र विभाग द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना, राजकीय गीत और राष्ट्रीय गीत से हुई।

कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. एसके पटेल के उद्बोधन के साथ हुई। उन्होंने "राष्ट्रीय विज्ञान दिवस" मनाने के पीछे का महत्व बताया। साथ ही इस वर्ष की थीम विज्ञान में महिलाएं- विकसित भारत को बढ़ावा की सार्थकता को स्पष्ट किया। उन्होंने आधुनिक विज्ञान और वैदिक विज्ञान में संबंध का व्याख्यान किया।

तत्पश्चात प्राचार्य द्वारा अपने उद्बोधन में युवाओं की तुलना चमकते सूर्य से की गई एवं युवाओं की भूमिका को रेखांकित



करते बताया कि विकसित एवं सशक्त भारत के लिए युवाओं का योगदान महत्वपूर्ण है। विभाग के सहायक प्रध्यापक लेखाप्रसाद उर्वशा द्वारा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में महिलाओं की भूमिका एवं उनके महत्व को बताया गया।

कार्यक्रम में विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस एवं सीवी रमन के विज्ञान में योगदान को बताया गया। साथ ही डिजिटल पोस्टर एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अंत में नुक्कड़ नाटक द्वारा विज्ञान में महिलाओं की महत्ता को दर्शाया गया। कार्यक्रम में कॉलेज प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता, डॉ. पीबी टांक, डॉ. एसके पटेल, एलपी उर्वशा, डॉ. आरके देशमुख, नितेश बंजारे, त्रिवेंद्र साहू, हेमपुष्पा उपस्थित रहे। साथ ही स्नातक एवं स्नातकोत्तर भौतिक शास्त्र के विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में अपनी सहभागिता दिखाई। अंत में डॉ. पीबी टांक द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

### चांदो में जस गायन स्पर्धा 22 से

हरिभूमि न्यूज ⏭ एलबी नगर

जय चांदी पाठ सांई सेवा ग्वाल जस पचरा सेवा भजन मंडली चांदो के तत्वावधान में आगामी 22 से 24 मार्च तक जस प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। आयोजन समिति के अध्यक्ष बरमदास साहू, सचिव देवकुमार साहू, कोषाध्यक्ष जनकलाल साहू एवं सदस्य गणेशराम भोयर, राकेश साहू, हंसराज भोयर, राकेश ऊके, मन्नुलाल साहू, अमन साहू, मुकेश साहू, टोकेश साहू, मनोज साहू हैं।

### पेंड्रीकला में महिला दिवस पर महिला जागरूकता शिविर का आयोजन

# महिलाओं के संघर्ष, साहस और सफलता का उत्सव है महिला दिवस : श्रीमती शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष व जिला सत्र न्यायाधीश राजनांदगांव विजय कुमार होता के निर्देशानुसार ब्लाक के ग्राम पेंड्रीकला में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला जागरूकता शिविर का आयोजन कर महिलाओं को उनके अधिकारों की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट निधि शर्मा ने कहा कि हर साल 8 मार्च को मनाया जाने वाला महिला दिवस केवल एक तारीख नहीं है बल्कि उन करोड़ों महिलाओं के संघर्ष साहस और सफलता का उत्सव है जिन्होंने अपनी मेहनत से इतिहास की दिशा बदल दी। आज की महिला अब केवल घर की चार दिवारी तक सीमित नहीं है बल्कि वो नए भारत की शिल्पकार बन चुकी है। शिक्षा से लेकर अंतरिक्ष तक और खेल के मैदान से लेकर



युद्ध के मैदान तक भारतीय महिलाओं ने अपनी काबिलियत का लोहा मनवाया है। श्रीमती शर्मा ने कहा इस महिला दिवस पर हम न केवल उनकी उपलब्धियां का जश्न मनाएं बल्कि एक ऐसा समाज बनाने का संकल्प लें जहां हर बेटी को अपने सपने सच करने का समान आसमान मिले। इस दौरान जनप्रतिनिधियो, न्याय विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, महिला समूह के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद थी।

#### योजनाओं की हो जानकारी

न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी आकांक्षा खलखो ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी हो इसलिए इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। महिलाओं को पॉक्सो एक्ट, साइबर अपराध, मोटरयान अधिनियम, दहेज प्रताडना निवारण अधिनियम, पीसीपीएनडीटी एक्टसमेत सार्वजनिक स्थानों पर उनके साथ होने वाली छेड़छाड़, कार्य स्थल पर सुरक्षा को लेकर जानकारी दी गई। पैरालीगल वॉलिंटियर गोलूदास साहू ने घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005, छत्तीसगढ़ टोनही प्रताड़ना निवारण अधिनियम 2005, निःशुल्क व सक्षम विधिक सहायता, नालसा टोल फ्री नंबर 15100, महिला हेल्पलाइन नंबर 181, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, महिलाओं के भरण पोषण संबंधित कानून के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उपस्थित महिलाओं द्वारा समस्या व सवाल को लेकर न्यायधीशों ने समाधान बताया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आभार प्रकट किया गया।

# वार्डों में आयोजित फाग महोत्सव में शामिल हुए महापौर यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महापौर मधुसूदन यादव ने शहर के विभिन्न वार्ड में आयोजित फाग महोत्सव में शामिल होकर जनता एवं वार्डवासियों का उत्साहवर्धन किया। महापौर मोतीपुर, नया ढाबा, बजरंगपुर नवागांव, शंकर नगर के फाग महोत्सव के आयोजन में उपस्थित रहे।

महापौर मधुसूदन को रंग-गुलाल लगाकर एवं फूलमाला पहनाकर अपने वार्डों में आत्मीय स्वागत किया। महापौर ने शहर में विभिन्न वार्डों में विकास एवं निर्माण कार्यों की घोषणा करते शहर के विकास के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, छग विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री अरूण साव, शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव सहित सांसद संतोष पांडेय का आभार व्यक्त किया।

इस दौरान महापौर ने जनता से शहर में, अपने वार्ड, पारा-मोहल्ला एवं मार्गों पर स्वच्छता बनाए रखने, सार्वजनिक स्थान पर कचरा फेंकने से बचने एवं सूखा तथा गीला कचरा के समुचित निष्पादन हेतु अलग-अलग डस्टबीन का उपयोग करने का भी अनुरोध किया। महापौर सबसे पहले प्रयागराज धाम आजाद चौक मोतीपुर में आयोजित दो दिवसीय फाग महोत्सव में शामिल हुए, जहां आयोजन समिति रोहित यादव, आकाश यादव, प्रवीण यादव, अजय यादव, सूरज साहू, राकेश देवांगन, विनय वर्मा, गोपाल साहू, रिंकू जंघेल, सुदेश नामदेवे, लल्ला वैध एवं साथियों ने महापौर का स्वागत किया।



#### ओव्हरहैड पानी टंकी निर्माण की घोषणा

तत्पश्चात महापौर वार्ड नं. 02 शंकरनगर में आदर्श युवा फाग समिति के आयोजन में शामिल हुए। जिसके बाद मधुसूदन ने नया ढाबा वार्ड नं. 04 में आयोजित दो दिवसीय फाग प्रतियोगिता में उपस्थित रहे। यहां वार्डवासियों के अनुरोध पर महापौर ने ओव्हरहैड पानी टंकी निर्माण की घोषणा की। महापौर ने देर शाम बजरंगपुर नवागांव में आयोजित फाग प्रतियोगिता में भी पहुंचकर जनता के साथ होली पर्व की खुशियॉ बांटी। महापौर ने यहां वार्डवासियों के निवेदन पर शासकीय हाईस्कूल बजरंगपुर के उन्नयन की घोषणा की, जिस पर वार्डवासियों ने महापौर को धन्यवाद देते कृतज्ञता प्रकट की।

## सार समाचार

### युगांतर के श्रीधर और पुलकित सीए बने

**राजनांदगांव।** युगांतर पब्लिक स्कूल के छात्र श्रीधर माहेश्वरी और




पुलकित जैन ने सीए एक्जाम में शानदार सफलता अर्जित की है। ये दोनों छात्र सीबीएसई 12वीं बोर्ड की विद्यालय की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने के साथ-साथ इस एक्जाम में भी उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल की है। इन विद्यार्थियों ने साबित कर दिया है कि सफलता के लिए उम्र कोई बाधा नहीं है, क्योंकि उन्होंने अपनी असाधारण प्रतिभा के बल पर इस चुनौतीपूर्ण परीक्षा को उत्तीर्ण किया। उनकी यह उपलब्धि कई वर्षों के अनुशासन, धैर्य और उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

उल्लेखनीय है कि इन दोनों विद्यार्थियों ने न केवल लेखांकन सिद्धांतों की गहरी समझ का प्रदर्शन किया, बल्कि उल्लेखनीय समस्या-समाधान कौशल और विश्लेषणात्मक सोच का भी प्रदर्शन करते यह उल्लेखनीय सफलता हासिल की। इन विद्यार्थियों ने तरूण कुमार महापात्रा, दीप्ति बिंदल, भावा रमेश, कंचन सोहल के मार्गदर्शन में यह शानदार सफलता अर्जित की। इस अवसर पर प्राचार्य मधुसूदन नायर और प्रबंध समिति ने इन विद्यार्थियों को बधाई दी।

### दर्री-अरसीटोला में विकास कार्यों के लिए प्रशासकीय स्वीकृति

**राजनांदगांव।** जिला पंचायत सीईओ सुरुचि सिंह ने मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत डोंगरगांव विकासखंड के विभिन्न ग्रामों में विकास कार्यों के लिए 27 लाख 60 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। इसके अंतर्गत ग्राम दर्री में अटल सद्भावना भवन निर्माण के लिए 15 लाख एवं शेड निर्माण कार्य के लिए 10 लाख रुपए तथा ग्राम अरसीटोला में सीसी रोड निर्माण के लिए 2 लाख 60 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। जिला पंचायत सीईओ ने निर्माण एजेंसियों को समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

### आपातकालीन सेवा अंतर्गत पैरामेडिकल स्टॉफ का प्रशिक्षण

**राजनांदगांव।** जिले में 102 एवं 108 के तहत पैरामेडिकल स्टॉफ एवं ईएमटी को जिला चिकित्सालय बसंतपुर राजनांदगांव में पांच दिवसीय विशेष प्रशिक्षण आयोजित की जा रही है। नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने प्रशिक्षण के तहत लाईफ सपोर्ट, रोड ट्रैफिक एक्सिडेंट, ट्रामा एवं एम्बुलेंस में डिलीवरी सहित अन्य मेडिकल इमरजेंसी के संबंध में जानकारी दी गई।

### अंतर्राष्ट्रीय व्हीलचेयर दिवस का आयोजन

**राजनांदगांव।** सीआरसी राजनांदगांव में अंतर्राष्ट्रीय व्हीलचेयर दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय व्हीलचेयर दिवस के संबंध में जानकारी दी गई। इस दौरान व्हीलचेयर रेस, टार्गेट टॉस गेम, भाषण, नाट्य सहित अन्य गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शामिल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया तथा सहायक उपकरणों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में पद्मश्री डॉ. पुखराज बाफना सहित लाभार्थी, विद्यार्थी, अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

### 20 लीटर कच्ची महुआ शराब, 120 किग्रा लाहन जब्त

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब विक्रेताओं के विरूद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। प्रभारी सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी ने बताया कि आबकारी विभाग द्वारा ग्राम ग्वालिनडीह नाला के किनारे अज्ञात 20 लीटर हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब एवं 120 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया। इस प्रकरण पर आबकारी अधिनियम की धाराओं के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की गई। कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक वृत्त राजनांदगांव ग्रामीण तुलेश्वरी देवांगन, मुख्य आरक्षक मिलाप मंडावी, आबकारी आरक्षक प्रदीप यादव, किशोरी कोमरे, दीपक सिन्हा शामिल थे। जिले में अवैध मदिरा विक्रय की रोकथाम के लिए होटल, ढाबों एवं मदिरा दुकानों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। सभी वृत्त प्रभारियों को होटल, ढाबों की नियमित जांच करने एवं अवैध मदिरा विक्रय के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए है।

### वर्मा ने औषधीय पौधों पर दिया आमंत्रित व्याख्यान

**राजनांदगांव।** गुरू घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय बिलासपुर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक सम्मेलन में प्रख्यात वैज्ञानिक डॉ. डाकेश्वर वर्मा ने छत्तीसगढ़ के औषधीय पौधों पर आमंत्रित व्याख्यान प्रस्तुत किया।



इस अवसर पर देश-विदेश के अनेक वैज्ञानिक, शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। अपने व्याख्यान में डॉ. वर्मा ने छत्तीसगढ़ में पाई जाने वाली समृद्ध जैव विविधता तथा विभिन्न औषधीय पौधों के औषधीय गुणों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि राज्य के वन क्षेत्रों में अनेक ऐसे पौधे उपलब्ध हैं, जिनका उपयोग पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों में लंबे समय से किया जाता रहा है। इन पौधों के वैज्ञानिक अध्ययन से नई औषधियों तथा पर्यावरण अनुकूल हर्बल उत्पादों के विकास की अपार संभावनाएं है। डॉ. वर्मा ने बताया कि औषधीय पौधों पर आधारित अनुसंधान न केवल स्वास्थ्य क्षेत्र में उपयोगी है, बल्कि इससे स्थानीय समुदायों के लिए रोजगार और स्वरोजगार के अवसर भी बढ़ सकते हैं। उन्होंने शोधकर्ताओं को पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक विज्ञान के समन्वय के साथ कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया।

## महतारी वंदन योजना से महिलाओं को मिल रही आर्थिक मजबूती

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को आगे बढ़ने का दिया गया संदेश

**हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव**

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गांधी सभागृह राजनांदगांव में महतारी सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद अभिषेक सिंह उपस्थित थे। इस दौरान पूर्व उपाध्यक्ष बीस सूत्रीय क्रियान्वयन समिति खूबचंद पारख, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुरुचि सिंह एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया।



सीईओ सुरुचि सिंह ने कहा कि महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। उन्होंने महिलाओं से पूछा कि उन्हें महतारी वंदन योजना के तहत कितनी राशि मिलती है, तो उपस्थित महिलाओं ने उत्साहपूर्वक बताया कि उन्हें हर महीने एक हजार रुपए प्राप्त हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं के पास तीन चीजें नहीं होनी चाहिए अशिक्षा, अस्वच्छता और कुपोषित बच्चा। उन्होंने कहा कि सबसे पहले शिक्षा का महत्व समझना जरूरी है। महिलाओं को स्वयं जितना भी पढ़ा-लिखा हो, उसका अभ्यास करते रहना चाहिए और अपने बेटा-बेटी दोनों को समान रूप से शिक्षा दिलानी चाहिए। उन्होंने कहा कि आज-कल कई क्षेत्रों में लड़कियां टॉपर बन रही है, इसलिए उन्हें आगे बढ़ने के लिए बेहतर अवसर देना जरूरी है।

उन्होंने स्वच्छता पर भी विशेष जोर देते कहा कि शौचालय और साफ-सफाई महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि महिलाएं केवल अपने परिवार तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के लिए प्रेरणा स्रोत है। आंगनबाड़ी, पालक चौपाल और समूह बैठकों के माध्यम से महिलाओं को स्वच्छता और स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता फैलाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि किसी भी परिवार में कुपोषित बच्चा नहीं होना चाहिए। उन्होंने बताया कि माताओं की जिम्मेदारी होती है कि वे बच्चों के पोषण पर विशेष ध्यान दें। इसके लिए तिरंगा भोजन की अवधारणा को अपनाने की सलाह दी गई। जिसमें थाली में तीन रंगों के पोषक आहार शामिल किए जाते हैं, ताकि बच्चों को संतुलित पोषण मिल सके। उन्होंने कहा कि महतारी वंदन योजना से मिलने वाली एक हजार रुपए की राशि का उपयोग महिलाओं को सोच-समझकर करना चाहिए। उन्होंने महिलाओं से अपील की कि वे इस राशि का उपयोग शिक्षा, स्वच्छता और पोषण जैसी आवश्यकताओं में करें। जिससे परिवार, गांव और पूरे समाज का विकास सुनिश्चित हो सके।

कार्यक्रम को अध्यक्ष जनपद पंचायत प्रतिमा चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य देवकुमार साहू, जिला पंचायत सदस्य शीला सिन्हा, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत अनिता सिन्हा, पार्षद शिव वर्मा ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर जनपद पंचायत सदस्य सांकेत साहू, कोमल सिंह राजपूत, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास गुरूप्रीत कौर सहित बड़ी संख्या में विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाली महिलाएं उपस्थित थी।

### प्रतिभा से बना रही पहचान

पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई सभी महिलाओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। पूर्व सांसद श्री सिंह ने कहा कि महिलाएं अब केवल पुरूषों के बराबर ही नहीं, बल्कि उनसे भी आगे बढ़ने की क्षमता रखती हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं स्वभाव से बहुत धैर्यवान होती है और परिवार को संभालते हुए सभी को साथ लेकर चलने की अद्भुत क्षमता रखती है। उन्होंने कहा कि समाज और परिवार की मजबूती में महिलाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। आज महिलाएं शिक्षा, रोजगार और विभिन्न क्षेत्रों में लगातार आगे बढ़ रही है और अपनी प्रतिभा से नई पहचान बना रही हैं। उन्होंने कहा कि महतारी वंदन योजना के माध्यम से महिलाओं को प्रतिमाह आर्थिक सहायता मिल रही है। जिससे वे आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ रही है। उन्होंने योजना की राशि प्राप्त करने वाली सभी महिलाओं को बधाई देते कहा कि यह पहल महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### प्रेरित करना भी ज्ञान का रूप

पूर्व उपाध्यक्ष बीस सूत्रीय क्रियान्वयन समिति खूबचंद पारख ने कहा कि इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की मुख्य थीम गिव टू गेन है। यदि हम अपने कौशल, ज्ञान और समय को साझा कर महिलाओं को सहयोग दें, तो इससे पूरे समाज और मानवता को लाभ होता है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की प्रतिभा को निखारने, उन्हें आगे बढने और देश-प्रदेश के नेतृत्व के लिए प्रेरित करना भी ज्ञान के दान का एक रूप है। उन्होंने बताया कि राज्य शासन द्वारा महतारी वंदन योजना से महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। इसके माध्यम से महिलाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत होने के साथ ही परिवार के पोषण और बच्चों के स्वास्थ्य में भी सुधार हो रहा है।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व मितानिनों का सम्मान



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में वार्ड क्र. 44 एवं 45 में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानिन दीदियों के सम्मान में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज और स्वास्थ्य सेवाओं में महत्वपूर्ण योगदान देने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं मितानिन बहनों को श्रीफल एवं उपहार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते नलिनी साहू ने कहा कि महिलाएं परिवार, समाज और राष्ट्र निर्माण की मजबूत कड़ी है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और क्षमता का परिचय दे रही है तथा समाज के विकास में अग्रणी भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण से ही एक समृद्ध और जागरूक समाज का निर्माण संभव है। कार्यक्रम के अंत में सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानिन दीदियों को सम्मानित करते उनके कार्यों की सराहना की गई। कार्यक्रम का संचालन टूमेश्वरी उइके, रेशमा गायकवाड, प्रभा धनकर, गोमती, माया मेश्राम, दीपिका ठाकुर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जीवन चतुर्वेदी, प्रमोद साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानिन दीदियों को सम्मानित कर उनके समर्पण, सेवा भाव और समाज के प्रति किए जा रहे कार्यों की सराहना की गई। समारोह में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक भी उपस्थित रहे।

### महिलाएं समाज की सशक्त आधारशिला

इस अवसर पर वार्ड पार्षद दुरेंद्र साहू, सेवक उइके तथा सतीश साहू उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि महिलाएं समाज की सशक्त आधारशिला है और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानिन बहनें गांव-मोहल्लों में स्वास्थ्य और पोषण की अलख जगाने का महत्वपूर्ण कार्य कर रही है। गर्भवती माताओं की देखभाल, बच्चों के टीकाकरण, पोषण और स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता में इनका योगदान अत्यंत सराहनीय है। इनके निरंतर प्रयासों से समाज में स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है।

# शपथ ग्रहण समारोह में तालमेल का संकल्प

## बौद्ध कल्याण समिति का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

■ सामाजिक एकता, सौहार्द और समृद्धि बड़ा लक्ष्य : खोब्रागढ़े

**हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव**

बौद्ध कल्याण समिति राजनांदगांव के अध्यक्ष, पदाधिकारियों सहित कार्यकारणी का शपथ ग्रहण समारोह 01 मार्च को बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर सांस्कृतिक भवन सिविल लाइन राजनांदगांव में आयोजित किया गया।



समारोह में बौद्ध समाज के उपासक-उपासिकाओं एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। समारोह में भंते धम्म पाल ने सभी पदाधिकारी को शपथ दिलवाया।

समाज के प्रवक्ता विनोद श्रीरंगे ने बताया कि समाज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष दीपकर खोब्रागड़े ने पद की शपथ लेते समाज की सेवा, शिक्षा, संगठन, जागरूकता और सामाजिक उत्थान सामाजिक एकता आपसी तालमेल भाक्तृत्वभाव के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। उन्होंने सामाजिक एकता, सौहार्द और समृद्धि बड़ा लक्ष्य बताते समाजजनों का आभार व्यक्त करते कहा कि यह केवल एक लोकतांत्रिक चुनावी परिणाम का सामाजिक जनाधार नहीं, बल्कि समाज की एकता, जागरूकता, आत्मसम्मान और लोकतांत्रिक व्यवस्था की जीत है। उन्होंने कहा कि समाज द्वारा दिए गए प्रेम, विश्वास, सहयोग और समर्थन के लिए वे हृदय की गहराइयों से आभारी हैं। समिति का प्रत्येक कदम समाज में शिक्षा के प्रसार, संगठन की मजबूती, जागरण और सम्मानजनक जीवन की दिशा में समर्पित रहेगा।

इस अवसर पर बौद्ध समाज के वरिष्ठजन, सामाजिक कार्यकर्ता और युवा उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों और समाजजनों के लिए धम्मभोज की व्यवस्था भी की गई। कार्यक्रम का वातावरण "नमो बुद्धाय" और "जय भीम" के उद्घोष से गुंजायमान रहा। संरक्षक माणिकचंद घोडेसवार, फाउंडर मेंबर ब्रजलाल कडवे, ईश्वरदास वाहने, सरिता बोरकर, कविता वासनिक, प्रहलाद फूले, सिद्धार्थ डोंगरे, लखनलाल गजभिये, बौद्ध कल्याण समिति अध्यक्ष दीपंकर खोब्रागड़े, उपाध्यक्ष शैलेन्द्र मेश्राम, उपाध्यक्ष कमलेश मेश्राम, सचिव राहुल श्यामकुंवर, कोषाध्यक्ष दिवाकर शेंडे, सह-सचिव महेन्द्र रामटेके, सह-सचिव अवनीश रामटेके, कार्यकारणी सदस्यगण अखिलेश खोब्रागढ़े, विनोद श्रीरंगे, कृष्णा मेश्राम, दीपकुमार रामटेके, बन्दिश नेमपाण्डे, भूपेन्द्र बोरकर, रितेश रंगारी, शशिकान्त गणवीर, रीता ठावरे, भारती मेश्राम, दिलीप कुमार भिमटे, सुभाष गजभिये, प्रमोद मेश्राम, सुनील बंसोड़ ने भंते धम्म पाल से पंचशील ग्रहण करने के पश्चात शपथ ग्रहण किया।

समारोह का संचालन प्रवीण नन्हारे एवं आभार प्रदर्शन बौद्ध कल्याण समिति के सचिव राहुल शामकुंवर ने किया। यह जानकारी समाज के प्रवक्ता विनोद श्रीरंगे द्वारा दी गई।

# पुण्यतिथि पर 4 जोड़ों का होगा सामूहिक विवाह

**हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव**

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के मोहला में गोंड समाज केंद्र सुवरबोड़ द्वारा 10 मार्च को 360 परगना व 14 गढ़ के मालिक, पूर्व जमींदार स्व. कर्मवीर लाल श्याम शाह महाराज की पुण्यतिथि अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

इस दिवस को यादगार बनाने समाज द्वारा 'आदर्श सामूहिक विवाह' का आयोजन भी किया गया है। जिसमें गोंड समाज के 4 जोड़े सामाजिक रीति-रिवाज और नीति-नियमों के अनुसार परिणय सूत्र में बंधेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मोहला-मानपुर विधायक इंद्रशाह मंडावी रहेंगे। अध्यक्षता गोंड समाज केंद्र अध्यक्ष पुरन सिंह कुमेटी करेंगे। विशिष्ट अतिथियों में लक्ष्मेंद्र शाह मंडावी, संजीव शाह कुंजाम, मोहन हिड़को, नरेंद्र नेताम, चंद्रेश ठाकुर, पदुम सिंह तोप्पा, तुकाराम कोरॉम, लखन सोरी, कुमार कोरेटी, नोहरूराम कुमेटी, लाल सिंह सोरी, प्रबल सलामे, नारायण सिंह नेताम, केजुराम गोगा, रायसिंह सोरी, भाव सिंह कुमेटी, सुखराम तुलावी, चित्ररेखा चनापे, बिराजबाई उइके, रमशिला नेताम, सुंदाय कुंदन धुर्वे के अलावा अन्य सामाजिक प्रमुखगण उपस्थित रहेंगे।

पृष्ठ 09 का शेष

### हर क्षेत्र में उत्कृष्ट...

**महिलाओं को जागरूकता का संदेश-** रेलवे थाना प्रभारी तरूणा साहू को पंडवानी गायकी के लिए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। वहीं उन्होंने द्रोपती चिरहरण प्रसंग पर पंडवानी की प्रस्तुति दी। मेडिकल कॉलेज की विभाग अध्यक्ष डॉ. ज्योति यादव ने स्वस्थ महिला समृद्ध परिवार सशक्त भारत विषय पर जानकारी देकर महिलाओं को पोषण आहार लेने तथा फिट रहने टीप्स दिए। इसके अलावा विधि डायग्नोस्टिक की पैथोलाजिस्ट डॉ. विधि मोदी ने शिक्षित महिला आत्मनिर्भर महिला विषय पर सारगर्भित उद्बोधन दिया।

# अफीम की खेती, कांग्रेस ने गृहमंत्री से मांगा इस्तीफा

**हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव**

दुर्ग जिले के समोदा गांव के एक फार्म हाउस के भीतर लगभग 10 एकड़ में अफीम की खेती के मामले में भाजपा नेता की संलिप्तता को लेकर आज शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा स्थानीय प्रेस क्लब में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष विपिन यादव ने कहा कि भाजपा सरकार नशे को बढ़ावा दे रही है।

गृहमंत्री विजय शर्मा के प्रभार जिले में अफीम की खेती शासन-प्रशासन की मिलीभगत के बिना नहीं हो सकती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सरकार ने धान खरीदी के दौरान किसानों को सत्यापन के नाम पर काफी परेशान किया है। ऐसे में गिरदावरी रिपोर्ट में उस खेत का सत्यापन कैसे नहीं किया गया, जहां अफीम की फसल लगी हुई थी। उन्होंने कहा कि इसे भाजपा सरकार का संरक्षण है। शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार ने कहा कि इस मामले में गृहमंत्री को नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तत्काल अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि बिना सत्ता संरक्षण के यह संभव नहीं हो सकता है। श्री मुदलियार ने इस मामले में गंभीरता से जांच और सभी दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### सरकार पर संरक्षण का आरोप




कांग्रेस द्वारा कहा गया कि बिना सरकार के संरक्षण के कोई अफीम की खेती खुलेआम करे, यह संभव नहीं है। सरकार नशे के कारोबार पर रोक लगाने में विफल साबित हो रही है। पूरे प्रदेश में युवा नशे की गिरफ्त में जा रहे हैं। सरकार और पुलिस की मिलीभगत के कारण ही प्रदेश के युवा नशे की गिरफ्त में है। प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी रमेश राठौड़, मामराज अग्रवाल, कांग्रेस प्रवक्ता रूपेश दुबे, अशोक पंजवानी, रितेश जैन, अनीश खान सहित अन्य कांग्रेसी नेता उपस्थित थे।

### सक्रिय भाजपा नेता की खेती

प्रेस कॉन्फ्रेस में कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यह अफीम की खेती भाजपा नेता विनायक ताम्रकार करवा रहा था। विनायक ताम्रकार भाजपा के दुर्ग जिले का किसान मोर्चा का पूर्व अध्यक्ष है तथा वर्तमान में वह भाजपा के राईस मिल प्रसंस्करण प्रकल्प का प्रदेश संयोजक है। भाजपा के सभी कार्यक्रमों में उसकी महत्वपूर्ण और सक्रिय भागीदारी रहती है। वह भाजपा का स्थापित नेता और प्रदेश पदाधिकारी है।

# छेड़छाड़ के बाद परिजनों से की मारपीट, आरोपी गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव**

प्रार्थिया से छेड़छाड़ एवं उसके परिजनों से गाली-गलौज, मारपीट व धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। महज 24 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक प्रार्थिया द्वारा थाना बसंतपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 8 मार्च की रात्रि लगभग 1.30 बजे आरोपी पवन गोड 27 वर्ष राजीव नगर द्वारा उसके पिता एवं भाई को गंदी-गंदी मां-बहन की अश्लील गालियां देते हुए



हाथ-मुक्कों से मारपीट की गई तथा जान से खत्म करने की धमकी दी गई। इसी दौरान आरोपी ने प्रार्थिया को बेइज्जत करने की नीयत से उसके पहने हुए चुन्नी को खींचकर उसके साथ छेड़छाड़ की। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में धारा 74, 296, 115(2), 351(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**पुलिस ने की कार्रवाई:** इस मामले में निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर द्वारा प्रकरण को गंभीरता से लेते टीम गठित की गई। टीम द्वारा आरोपी के संभावित ठिकानों पर दबिश देकर घेराबंदी करते आरोपी पवन गोड को हिरासत में लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी द्वारा अपना अपराध स्वीकार किया गया। जिसके पश्चात उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।



खबर संक्षेप

## मनोज चंद्रवंशी बने कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक कोषाध्यक्ष



**हरिभूमि.बरबसपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व कैबिनेट मंत्री मो.अकबर भाई एवं जिला संगठन प्रभारी पदम कोठारी के अनुशंसा पर एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नवीन जायसवाल एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कवर्धा ग्रामीण के अध्यक्ष मणिकांत त्रिपाठी सहमति से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कवर्धा ग्रामीण के कार्यकारिणी नियुक्त की गई, जिसमें ग्राम दौजरी निवासी मनोज चंद्रवंशी को ब्लॉक कोषाध्यक्ष पद पर नियुक्ति किया गया है, वे बहुत ही सक्रिय रूप से कांग्रेस पार्टी की मजबूती के लिए कार्य करते आ रहे हैं।

# बढ़ती महंगाई और नशे के खिलाफ जिला कांग्रेस कमेटी का उग्र प्रदर्शन

- प्रधानमंत्री का पुतला दहन कर भाजपा सरकार पर बोला तीखा हमला।
- भाजपा नेता के फार्म-हाउस में 10 एकड़ अफीम, सरकार बताए किसके संरक्षण में फल-फूल रहा नशे का कारोबार: नवीन जायसवाल।






हरिभूमि न्यूज ▸▸ कवर्धा

प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम अध्यक्ष नवीन जायसवाल के नेतृत्व में प्रेस-कॉन्फ्रेंस कर भाजपा सरकार पर हमला बोलने हुए कहा कि दुर्ग जिले के समोदा गांव में एक फार्म-हाउस के भीतर लगभग 10 एकड़ जमीन पर अफीम की खेती का सनसनीखेज खुलासा हुआ है। इस मामले ने पूरे प्रदेश में हड़कंप मचा दिया है। कांग्रेस ने इसे भाजपा सरकार की कानून व्यवस्था पर बड़ा सवाल बताते हुए कहा है कि बिना सत्ता और प्रशासन के संरक्षण के इतनी बड़ी मात्रा में अफीम की खेती संभव ही नहीं है। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने कहा कि यह अफीम की खेती भाजपा से जुड़े नेता विनायक ताम्रकार के फार्म-हाउस में की जा रही थी। विनायक चंद्राकर भाजपा के दुर्ग जिले के किसान मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष रह चुके हैं और वर्तमान में भाजपा के राइस मिल प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक बताए जा रहे हैं। भाजपा के विभिन्न कार्यक्रमों में उनकी सक्रिय भूमिका रही है और वे पार्टी के स्थापित नेताओं में गिने जाते हैं। वहीं सोशल मीडिया में विनायक चंद्राकर की तस्वीरें केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह, केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, प्रदेश के गृह मंत्री विजय शर्मा, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव और सांसद विजय बघेल सहित कई भाजपा नेताओं के साथ मौजूद हैं, जिससे उनके राजनीतिक संबंधों की चर्चा भी तेज हो गई है। नवीन जायसवाल ने आरोप लगाया कि गांव में भाजपा नेता का इतना दबदबा है कि ग्रामीण खुलकर बोलने से डरते हैं। यहां तक कि गांव में अंतिम संस्कार जैसे कार्यक्रमों के लिए भी उनकी अनुमति लेने की बात सामने आती रही है। ऐसे में उनके खेत में अफीम की खेती होने के बावजूद हमें जानकारी नहीं थी कहना पूरी तरह अविश्वसनीय है। बताया जा रहा है कि मक्का और गेहूं की फसल के बीच सुनियोजित तरीके से अफीम की खेती की जा रही थी। पूरे फार्म-हाउस क्षेत्र में सीसी टीवी कैमरे भी लगे हुए थे, जिससे साफ है कि यह काम पूरी योजना और निगरानी के साथ किया जा रहा था। जिलाध्यक्ष श्री जायसवाल ने कहा कि 500 रुपए में सिलेंडर देने का वादा करने वाली सरकार आज 1 हजार रुपए में सिलेंडर दे रही है। भाजपा गरीब और आमजन की पार्टी है ही नही, ये व्यापारियों की पार्टी है और 2014 में जब से भाजपा की सरकार केंद्र में बनी है तबसे सब्सिडी वाले सिलेंडर में 5 प्रतिशत जीएसटी लग रहा है। इस दौरान कांग्रेस के अधिकारी-पदाधिकारी सहित गणमान्य नागरिक सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं की शक्ति, आत्मसम्मान व समाज निर्माण में उनके योगदान को नमन करने का अवसर है : विधायक

# महतारी वंदन सम्मेलन में भावना बोहरा ने किया महिलाओं का अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कवर्धा

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मुख्य आतिथ्य में बस्तर में महतारी वंदन सम्मेलन का आयोजन किया गया और उन्होंने प्रदेश की नारी शक्तियों को संबोधित किया। इस अवसर पर पंडरिया विधानसभा के रणवीरपुर में पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा मातृशक्ति के सम्मान और सशक्तिकरण को समर्पित महतारी वंदन सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में महिलाएं शामिल हुई, जो केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित होकर आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं तथा योजनाओं की लाभार्थी बहनों को विधायक भावना बोहरा ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया और अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर विधायक भावना बोहरा ने उपस्थित मातृशक्ति को संबोधित करते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं की शक्ति, आत्मसम्मान और समाज निर्माण में उनके योगदान को नमन करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में महिलाओं के सशक्तिकरण को नई दिशा मिली है और आज महिलाएं हर क्षेत्र में नेतृत्वकारी भूमिका निभा रही हैं।

भाजपा सरकार ने महिलाओं को आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक रूप से मजबूत बनाने के लिए अनेक योजनाएं प्रारंभ की हैं। छत्तीसगढ़ में मातृशक्ति को आर्थिक संबल देने के उद्देश्य से महतारी वंदन योजना प्रारंभ की गई है, जिसके माध्यम से प्रदेश की लाखों महिलाओं को प्रतिवर्ष 12 हजार रुपए की आर्थिक सहायता मिल रही है। इस योजना से महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ा है और परिवार की आर्थिक मजबूती में उनकी भूमिका और अधिक सशक्त हुई है।

विधायक भावना बोहरा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अनेक योजनाएं और पहलें संचालित कर रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश की हर महिला आत्मनिर्भर बने, सामाजिक और आर्थिक रूप से मजबूत हो तथा विकास की मुख्यधारा में अग्रणी भूमिका निभाए। छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार महिलाओं को केवल लाभार्थी नहीं बल्कि विकास की भागीदार मानते हुए योजनाएं बना रही है। आर्थिक सहायता, स्वास्थ्य सुरक्षा, आवास, रोजगार और तकनीकी प्रशिक्षण जैसी पहलें महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। उन्होंने कहा कि आज की नारी केवल परिवार की जिम्मेदारी तक सीमित नहीं है, बल्कि शिक्षा, कृषि, उद्यम, तकनीक और नेतृत्व के क्षेत्र में भी अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही है। जब महिलाएं सशक्त होंगी, तभी समाज और राष्ट्र सशक्त बनेगा। पंडरिया विधानसभा में महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं और मातृशक्ति की सक्रिय भागीदारी से क्षेत्र और प्रदेश के विकास को नई गति मिल रही है।

इस अवसर रोशन दुबे, राघवेंद्र साहू, नरेश साहू, राजेंद्र साहू, धरमपाल कौशिक, श्रीमती राजकुमारी साहू, महेंद्र धृतलहरे, श्रीमती सरिता सोनी, श्रीमती दुर्गा सिंह, संतोष वैष्णव, बसंत बोहरा, तिलक सेन, प्रदीप गोस्वामी, महिला मोर्चा की पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थें।

### सुगम व सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल रही



उन्होंने बताया कि पंडरिया विधानसभा की बेटियों की शिक्षा में कोई बाधा न आए इसके लिए हमने प्रयास करते हुए महाविद्यालय में पढ़ने वाली छात्राओं के लिए 8 निःशुल्क बसों का संचालन कर रहें हैं, जिसके माध्यम से हजारों छात्राओं को लाभान्वित करने के अपने लक्ष्य को हम जल्द ही प्राप्त करेंगे। इस बस सेवा से बेटियों को महाविद्यालय से घर आने-जाने हेतु सुगम व सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल रही है। प्रातिभावान बेटियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु लक्ष्य निःशुल्क कोचिंग की भी शुरुआत हमने की है जहां सैकड़ो छात्र-छात्राओं को सीजीपीएससी, नीट और आईआईटी-जी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु उन्हें निःशुल्क कोचिंग मिल रही है।

### महिलाओं को स्वरोजगार और उद्यमिता के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा

विधायक ने कहा कि केंद्र सरकार की लखपति दीदी योजना के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को स्वरोजगार और उद्यमिता के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं। वहीं नमो ड्रोन दीदी योजना के जरिए ग्रामीण महिलाओं को आधुनिक तकनीक से जोड़कर कृषि क्षेत्र में नई संभावनाएं प्रदान की जा रही हैं। महिलाओं के स्वास्थ्य, सम्मान और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत गरीब परिवारों की महिलाओं को गैस कनेक्शन उपलब्ध कराया गया है, जिससे उन्हें धुएं से मुक्ति मिली है। इसी प्रकार स्वच्छ भारत मिशन के तहत घर-घर शौचालय निर्माण से महिलाओं की गरिमा और सुरक्षा सुनिश्चित हुई है। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से महिलाओं के नाम से पक्के घर उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे उन्हें सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा मिली है। साथ ही प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के जरिए महिलाएं छोटे-छोटे व्यवसाय शुरू कर आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं।

# फोक नदी के पत्थरों से निकल रही है तबला पखावज की आवाज



- चट्टानों के समूह में वाद्ययंत्र की आवाज आने के पीछे एक कहानी प्रचलित है।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कवर्धा

जिला पुरातत्व समिति के सदस्य एवं ग्राम रबेली निवासी इतिहासकार आदित्य श्रीवास्तव ने बताया कि रवेली में फोक नदी प्रवाहित है, एक समय था जब यह नदी सदानीरा थी, किंतु आज यह अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रही है। इस नदी के तट पर ग्राम के पूर्व दिशा में चट्टानों का समूह है, इन्हीं समूहों में कुछ चट्टानें ऐसी हैं, जिन पर पत्थर से ठोकने पर अलग-अलग मधुर आवाजें आती हैं, जो तबले व पखावज की आवाज से मिलती-जुलती है। उन्होने बताया कि बचपन से ही इसे बजाते थे। इन चट्टानों के समूह में वाद्ययंत्र की आवाज आने के पीछे एक कहानी प्रचलित है। कहा जाता है एक नाई की बारात इसी मार्ग से गुजर रही थी और जब इस स्थल पर पहुंची तो यहां नदी तट पर एक तपस्वी साधना में डूबे हुए थे, उन्हें देखकर कुछ बारातियों ने उनके साथ हास्य करना शुरू कर दिया तब क्रोध में आकर उन तपस्वी ने बारातियों को श्राप दिया कि तुम सब दुष्ट लोग पत्थर के हो जाओ, उनके श्राप से सभी पत्थर के हो गए यहां तक कि उनके वाद्ययंत्र भी पत्थर के हो गए, उन्हीं चट्टानों से आज भी वाद्ययंत्रों की आवाज आती है। यहां पर बाकायदा डोली की आकृति और मध्य में दुल्हन की जगह पत्थर की अस्पष्ट आकृति दिखाई देती थी। दुखद बात यह रही कि वर्षो पहले स्टॉप डेम निर्माण से सब कुछ अस्त व्यस्त हो गया केवल आवाज करने वाले पत्थर सुरक्षित हैं।

## रंग-पंचमी पर गूंजा कौशल-अनुप लाफ्टर शो, दर्शक ठहाकों से हुए लोट-पोट



**हरिभूमि कवर्धा।** रंग-पंचमी के पावन अवसर पर बिलासपुर में हास्य का शानदार माहौल देखने को मिला, जब प्रसिद्ध हास्य कलाकार कौशल साहू एवं अनुप श्रीवास्तव ने अपने लोकप्रिय कौशल-अनुप लाफ्टर शो की दमदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में दोनों कलाकारों की शानदार जुगलबंदी ने दर्शकों को ठहाके लगाने पर मजबूर कर दिया। शो के दौरान कलाकारों ने रोजमर्रा की जिंदगी, पारिवारिक-रिश्तों और समाज से जुड़े विषयों पर हास्य-व्यंग्य प्रस्तुत किया। साथ ही नेताओं और फिल्मी कलाकारों की मिमिक्री ने भी दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने जमकर तालियां बजाकर कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। वहीं कौशल साहू और अनुप श्रीवास्तव की बेहतरीन कॉमेडी टाइमिंग और संवाद अदायगी ने पूरे माहौल को हंसी और खुशी से सराबोर कर दिया। रंग-पंचमी के अवसर पर आयोजित यह लाफ्टर शो शहरवासियों के लिए यादगार बन गया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने दोनों कलाकारों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में खुशी और सकारात्मक ऊर्जा का संदेश देते हैं।

मां के सम्मान में गीत, कविता, भाषण के माध्यम से अपने भाव व विचार व्यक्त किए

# बुजुर्ग-माताओं का सम्मान कर मनाया गया महिला दिवस



हरिभूमि न्यूज ▸▸ पंडरिया

नगर में संस्कृति महिला ग्रुप द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अपने घर की बुजुर्ग माताओं का सम्मान करते हुए होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां दुर्गा की पूजा-अर्चना के साथ की गई। इस अवसर पर ग्रुप की छोटी बच्चियों द्वारा बुजुर्ग माताओं का तिलक लगाकर सम्मान किया गया। तत्पश्चात ग्रुप की महिलाओं ने बुजुर्ग माताओं को श्रीफल व सुंदरकांड भेंटकर उनका आर्शीवाद लिया। कार्यक्रम में इस बार विशेष रूप से सभी महिला सदस्यों ने अपने सास और माताओं को अतिथि के रूप में आमंत्रित किया था। जिससे कार्यक्रम में पारिवारिक स्नेह और सम्मान का वातावरण बना रहा।कार्यक्रम में सम्माननीय उत्तरा ठाकुर, लक्ष्मी साहू, पदमा श्रीवास्तव, चमेली ठाकुर व निरुपमा बरगाह का सम्मान किया गया सभी अतिथियों ने इस सराहनीय पहल की प्रशंसा की और महिलाओं को अपना आशीर्वाद दिया। इस दौरान ग्रुप की महिलाओं और छोटी बच्चियों ने महिला दिवस, नारी शक्ति तथा अपनी-अपनी मां के सम्मान में गीत, कविता और भाषण के माध्यम से अपने भाव और विचार व्यक्त किए। कई शिक्षिकाओं द्वारा भी भावपूर्ण कविता पाठ प्रस्तुत किया गया। साथ ही बच्चों से उनकी मां और दादी के बारे में प्रश्न पूछकर उनके विचार भी साझा करवाएं गए। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक-दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर होली मिलन किया और महिला दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

# गैस सिलेंडर के बढ़े दामों के खिलाफ महिला कांग्रेस का अनोखा प्रदर्शन




हरिभूमि न्यूज ▸▸ कवर्धा

बढ़ती महंगाई और रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में लगातार हो रही बढ़ोतरी के विरोध में महिला कांग्रेस ने अनोखे अंदाज में प्रदर्शन किया। महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सीमा अनंत के नेतृत्व में कांग्रेस भवन के सामने स्थित सिग्नल चौक पर महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चूल्हा जलाकर पकोड़े तलते हुए केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ जोरदार विरोध जताया। प्रदर्शन के दौरान महिला कांग्रेस की कार्यकर्ताओं ने कहा कि गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों ने आम परिवार की रसोई का बजट बिगाड़ दिया है। लगातार बढ़ती महंगाई से छोटे और मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए रसोई गैस का उपयोग करना दिन-ब-दिन मुश्किल होता जा रहा है। ऐसी स्थिति में कई महिलाएं मजबूरी में फिर से लकड़ी और पारंपरिक चूल्हे का सहारा लेने को मजबूर हो रही हैं। उन्होने कहा कि एक ओर केंद्र की भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार उज्ज्वला योजना के माध्यम से गरीब परिवारों को गैस कनेक्शन देने का दावा करती है, वहीं दूसरी ओर गैस सिलेंडर की रिफिलिंग की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी कर रही है। इससे गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों के लिए सिलेंडर भरवाना कठिन हो गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की कथनी और करनी में बड़ा अंतर है। बढ़ती महंगाई से महिलाएं, युवा और आम जनता सभी परेशान हैं, लेकिन सरकार इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है। महिला कांग्रेस ने केंद्र सरकार से मांग की कि रसोई गैस के दामों में तत्काल कमी की जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके। इस दौरान महिला कांग्रेस की कई कार्यकर्ता उपस्थित रहीं और सभी ने एक स्वर में बढ़ती महंगाई के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की।



**खबर संक्षेप**

### लायंस क्लब ने प्रतिभाओं का किया सम्मान

**कवर्धा।** लायंस क्लब जिला कबीरधाम के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर पर विभिन्न क्षेत्र में अग्रणी महिला प्रतिभाओं का सम्मान कवर्धा के एक पैलेस में किया गया। डिस्टिक्ट लायंस क्लब अध्यक्ष प्रेमचंद श्रीश्रीमाल ने अपने उद्बोधन मे लायंस क्लब की सर्वजन-हिताय गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में लायन श्रीमती सुशीला श्रीश्रीमाल, लायन श्रीमती नीता लूनिया सहित मातृशक्ति की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

# महतारी वंदन महिला सशक्तिकरण के हमारे प्रयासों का प्रतीकः उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने महतारी वंदन योजना की 25 वीं किश्त की राशि बस्तर में आयोजित कार्यक्रम से जारी की। इस अवसर पर कवर्धा के वीर सावरकर भवन में महतारी वंदन सम्मेलन का आयोजन किया।

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे तथा सांसद संतोष पाण्डेय विशेष रूप से उपस्थित रहे। महतारी वंदन योजना से अब तक 24 किश्तों में जिले की 2.48 लाख से अधिक माताओं बहनों को 563.49 करोड़ रुपए जारी किए जा चुके हैं। सम्मेलन में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कवर्धा के अलावा जिले के 8 स्थान रणवीरपुर, बोड़ला, चिल्फी, तरेगांव, पंडरिया, कुंडा, कुकदुर और दशरंगपुर में महतारी वंदन सम्मेलन का आयोजन किया। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने विश्व महिला दिवस की बधाई देते हुए कहा कि सिर्फ आज ही नहीं हर दिन महिला दिवस है। समाज में जब भी कुछ सकारात्मक बदलाव लाना होता है इसकी शुरुआत महिलाओं से होती है। पुरातन काल और हजारों वर्षों से यह हमारी परम्परा है, जहां माताओं का स्थान समाज में सर्वोच्च है। हमारे देश में माताएं देवियों के रूप में पूजित हैं। आदि शंकराचार्य ने जब मंडन मिश्रा से शास्त्रार्थ किया था तो निर्णायक की भूमिका भी एक विदुषी महिला उभय भारती जो कि मंडन मिश्रा की पत्नी थी, उन्होंने निभाई थी।

भारत में परिवर्तन के लिए महिला शक्ति को स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। महिलाओं को स्व रोजगार, उद्यमिता और सहकारिता से जोड़ते हुए लखपति दीदी के रूप आगे बढ़ाया जा रहा है। महतारी वंदन पूरे प्रदेश में सबसे बड़ी योजना है। महतारी वंदन योजना महिला सशक्तिकरण की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हर माह 1 हजार रुपए की राशि महिलाओं को मिल रही है। आज योजना की 25 वीं किश्त जारी हो रही है। यह राशि महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बना रही है। कार्यक्रम में सांसद संतोष पाण्डेय, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर पड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व महिलाएं उपस्थित थे।

**उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं व सामाजिक संस्थाओं का सम्मान**




उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा सहित अतिथियों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं और सामाजिक संस्थाओं को सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने वालों में श्रीमती गंगोत्री, श्रीमती यशोधरा मानिकपुरी, श्रीमती प्रीति सिंह परिहार, श्रीमती श्वेता शर्मा, श्रीमती पायल श्रीवास्तव, श्रीमती सरस्वती निषाद, श्रीमती चंद्र कुमारी, श्रीमती रंजना भट्ट, श्रीमती सुकून चंद्रवंशी, श्रीमती अनीता पाली, श्रीमती खुशबू, अनीता केसरवानी, रीना शर्मा, अश्वनी श्रीवास्तव, विवेका हैरिस, श्रीमती सरोज शर्मा, निकिता डड़सेना एवं संगीता साहू शामिल हैं। इसके साथ ही सामाजिक संस्था नई सोच नई राह नारी शक्ति टीम को भी समाज में महिलाओं के सशक्तिकरण और जनसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

**बारदात:** दुकान से 26 क्विंटल सरकारी चावल के साथ ले गए एक इलेक्ट्रॉनिक कांटा भी

# चोरों ने सरकारी राशन दुकान से पार किया गरीबों का चावल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के पिपरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बानो में स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान में चोरी की घटना सामने आई है। अज्ञात चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर गरीबों के लिए रखे सरकारी चावल और इलेक्ट्रॉनिक कांटा पार कर दिया। इस घटना के बाद क्षेत्र में पुलिस गश्त और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार-रविवार की दरमियानी रात अज्ञात चोरों ने राशन दुकान का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और करीब 53 कट्टा यानी लगभग 26 क्विंटल सरकारी चावल तथा एक इलेक्ट्रॉनिक कांटा चोरी कर ले गए। चोरी गए सामान की कीमत लगभग 75 हजार रुपए से अधिक बताई जा रही है। रविवार सुबह जब सोसायटी संचालक रोज की तरह दुकान पहुंचे तो दुकान का ताला टूटा हुआ मिला और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर 53 कट्टा चावल और इलेक्ट्रॉनिक कांटा गायब मिला। इसके बाद संचालक ने तत्काल मामले की सूचना विभागीय अधिकारियों और पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया।

**पिपरिया पुलिस ने मौका मुआयना के बाद दर्ज किया मामला**




फिलहाल पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, लेकिन घटना ने क्षेत्र में पुलिस गश्त और सुरक्षा व्यवस्था की प्रभावशीलता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। गौरतलब है कि राज्य सरकार अन्नपूर्णा योजना के तहत गरीब परिवारों को निःशुल्क चावल उपलब्ध कराती है ताकि कोई भी जरूरतमंद भूखा न सोए। ऐसे में राशन दुकान में चोरी की यह घटना न केवल कानून व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न लगाती है बल्कि गरीबों के हक पर भी सीधा डाका है।

ग्रामीणों में घटना को लेकर नाराजगी देखी जा रही है और लोगों ने पुलिस से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

# बिना अनुमति विदेश यात्रा करने वाली शिक्षिका निलंबित

- शिकायत के आधार पर जांच उपरांत की गई कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले में शिक्षा विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक सरकारी स्कूल की प्रधान पाठक को निलंबित कर दिया है।

आरोप है कि शिक्षिका स्कूल की जिम्मेदारियों को दरकिनार कर एक निजी हेल्थ कंपनी की मार्केटिंग गतिविधियों में शामिल थीं और बिना विभागीय अनुमति के विदेश यात्रा पर भी चली गई थीं। शिकायत की जांच में आरोप सही पाए जाने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने तत्काल प्रभाव से निलंबन का आदेश जारी कर दिया। जानकारी के अनुसार पंडरिया विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला पडकीकला में पदस्थ प्रधान पाठक सीमा कश्यप के खिलाफ विभाग को शिकायत मिली थी। शिकायत में कहा गया था कि वह एक निजी हेल्थ कंपनी के मार्केटिंग कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग ले रही हैं और स्कूल के कार्यों की बजाय ज्यादा समय उसी गतिविधि में दे रही हैं।

इसके साथ ही यह भी आरोप था कि उन्होंने बिना शासन की अनुमति के विदेश यात्रा की। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा जांच कराई गई। जांच में यह सामने आया कि शिक्षिका ने सक्षम प्राधिकारी की अनुमति लिए बिना विदेश यात्रा की थी और निजी व्यवसायिक गतिविधियों से भी जुड़ी हुई थीं। सरकारी सेवा में रहते हुए किसी अन्य व्यवसाय से जुड़ना और बिना अनुमति विदेश जाना छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियमों का उल्लंघन माना जाता है। जांच रिपोर्ट के आधार पर जिला शिक्षा अधिकारी ने छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के तहत कार्रवाई करते हुए सीमा कश्यप को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय बोड़ला निर्धारित किया गया है। आदेश में यह भी कहा गया है कि निलंबन अवधि के दौरान उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा। साथ ही विभागीय जांच की आगे की प्रक्रिया जारी रहेगी और आवश्यक कार्रवाई भी की जाएगी।

**महिला दिवस पर शर्बत वितरण कार्यक्रम आयोजित**



**कवर्धा।** युवा सारथी सेवा संस्था, जिला कबीरधाम द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नगर स्थित भारत माता चौक में महिलाओं एवं उपस्थित समस्त बच्चे से लेकर बुजुर्गों सहित 1000 लोगों को ठंडी शर्बत पिलाया गया व शुभकामनाएं दी गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर युवा सारवी सेवा संस्था द्वारा नगर के हृदय स्थल भारत माता चौक पर शर्वत वितरण किया गया। जहां माता-बहनो सहित कार्यक्रम में उपस्थित आगंतुक एवं प्रशासनिक अधिकारियों सहित एक हजार से अधिक लोगों को शरबत पिलाया गया व महिला दिवस की शुभकामयाएं दी गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से संस्था के संस्थापक एन. कुमार मधुकर, संस्था अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह, मीडिया प्रभारी राजेश भास्कर, व्यवस्थापक आनंद सिंह राजपूत, राहुल ठाकुर, पुखराज सिंह, प्रदीप यादव, दीपक निर्मलकर, राजकुमार साहू व विवेक मानिकपुरी सहित संस्था के सभी सदस्य उपस्थित थे।

# नाबालिग को शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा




पीड़िता की रिपोर्ट पर पंडरिया पुलिस ने नाबालिग को शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया है।

आरोपी के विरूद्ध भान्यास की धारा 87,64(2)m एवं 4(2),6 पॉक्सो एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। इस संबंध में पंडरिया पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना पंडरिया में प्रार्थी के रिपोर्ट पर 11 फरवरी 2026 को गुम इंसान कायम किया गया, जिसमें प्रार्थी के नाबालिग युवति के गुम होने की सूचना पर गुमइंसान कायम कर मामला नाबालिक युवति से संबंधित होने पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध कायम किया गया था। जिस पर मामला गंभीर होने से पंडरिया पुलिस द्वारा तत्काल नाबालिग लडकी की खोजबीन में जुट गई, अपहता को 22 फरवरी को बरामद किया गया, जिसमें अपहता ने आरोपी के विरुद्ध साक्ष्य प्रदाय किया, जो कि प्रकरण के फरार आरोपी विक्रम सारथी पिता दयाराम सारथी उम्र 31 साल निवासी वार्ड क्रमांक 02 सारथी मोहल्ला पंडरिया थाना पंडरिया जिला कबीरधाम को गिरफ्तार किया जाकर, मामला नाबालिक पीड़िता से संबंधित होने पर आरोपी के विरूद्ध विवेचना के दौरान भान्यास की धारा 87,64(2)m एवं 4(2),6 पॉक्सो एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड न्यायालय पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# भारतीय किसान संघ ने मनाया स्थापना दिवस होली मिलन कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



भारतीय किसान संघ के जिला कार्यालय बलराम भवन में 8 मार्च को संघ ने अपने 47 वें स्थापना दिवस के अवसर पर होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में किसानों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान बलराम व भारत माता के तैलीय चित्र के समक्ष पुष्प माला अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया। इस अवसर पर भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष डोमन चंद्रवंशी ने कहा की भारतीय किसान संघ किसानों के समग्र विकास के लिए कार्य करता है जिसमे स्वहित और परहित दोनों का काम सिद्ध होता है। उन्होने कहा कि इसकी स्थापना 4 मार्च 1979 को राजस्थान के कोटा शहर में हुई थी। इसके संस्थापक दंतोपंत ठेगडी थे, वे एक महान भारतीय किसानों के तत्वचिंतक व मजदूर नेता थे। आज इसी अवसर पर हम यहां उपस्थित हुए है। श्री चन्द्रवंशी ने कहा कि होली का त्यौहार हमें भाईचारे और एकता का संदेश देता है हम सभी किसानों को भारतीय किसान संघ से जुड़कर अपने अधिकार के लिए लड़ना होगा। इस अवसर पर भारतीय किसान संघ प्रांत महिला प्रमुख अदिति कश्यप ने कहा की खेती किसानी कार्य में महिलाओं की 60 से 70 प्रतिशत की भागीदारी जो बखूबी खेती किसानी कार्य में लगी हुई है। उन्होने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में आगे है। उन्होने कार्यक्रम में रंग पंचमी, भारतीय किसान संघ के स्थापना दिवस सप्ताह और अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर सभी देश की महिलाओं को बधाई दी। संघ पदाधिकारियों ने बताया कि यह स्थापना दिवस सभी तहसील में ग्राम इकाई में 4 मार्च से 15 मार्च तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें जिले के किसान बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।

# नेशनल हाईवे किनारे हरे-भरे वृक्षों की अवैध कटाई, वन विभाग की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

बोड़ला वन परिक्षेत्र से लगे चोरभट्टी आरएफ-62 क्षेत्र में हरे-भरे और कीमती वृक्षों की अवैध कटाई का मामला सामने आया है। खास बात यह है कि यह कटाई किसी दूरस्थ जंगल में नहीं बल्कि नेशनल हाईवे-30 के बिल्कुल किनारे, करीब चार फीट की दूरी पर की गई है। इतनी खुली जगह पर वृक्षों की कटाई होने के बावजूद वन विभाग को इसकी भनक तक नहीं लगना विभाग की निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। मिली जानकारी के अनुसार अज्ञात लोगों द्वारा चार से पांच हरे-भरे और कीमती वृक्षों को काट दिया गया है। इससे वन संपदा को नुकसान पहुंचा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस स्थान पर यह घटना हुई है, वह अत्यंत व्यस्त मार्ग है और यहां से दिन-रात वाहनों का आवागमन बना रहता है। ऐसे में खुलेआम वृक्षों की कटाई होना यह दर्शाता है कि क्षेत्र में निगरानी और गश्त की व्यवस्था प्रभावी नहीं है। ग्रामीणों का आरोप है कि यदि वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी नियमित रूप से क्षेत्र का निरीक्षण करते, तो नेशनल हाईवे के किनारे इस तरह से पेड़ों की कटाई होना संभव नहीं था। उनका कहना है कि वन संपदा की सुरक्षा की जिम्मेदारी विभाग की है, लेकिन इस घटना ने विभाग की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है। मामले को लेकर जब विभागीय अधिकारियों से संपर्क किया गया तो डिप्टी रेंजर का बयान और भी चौंकाने वाला सामने आया। उन्होंने कहा कि "जंगल खुला है तो अवैध कटाई होगी ही।" उनके इस बयान से विभाग की जिम्मेदारी और संवेदनशीलता को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। वहीं रेंजर आकाश यादव इस पूरे मामले को लेकर स्पष्ट रूप से कुछ भी कहने से बचते नजर आए। सूत्रों के अनुसार उन्होंने इस मामले को ज्यादा उजागर न करने और इसे गोपनीय रखने की बात कही है, जिससे विभाग की भूमिका को लेकर संदेह और गहरा गया है।

**सवालों से विभागीय अधिकारी काट रहे है कन्नी**

इधर इस मामले में जिला वन अधिकारी (डीएफओ) से भी संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन कॉल रिसीव नहीं किया। उनसे संपर्क करने से पहले ही कटे हुए वृक्षों की फोटो और वीडियो भी भेजे गए थे, इसके बावजूद उनकी ओर से कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब नेशनल हाईवे के किनारे खुलेआम हरे-भरे वृक्ष काटे जा रहे हैं और जिम्मेदार अधिकारी जवाब देने से बच रहे हैं, तो आखिर वन संपदा की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित होगी। क्षेत्र के लोगों ने इस मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। साथ ही यह भी देखने वाली बात होगी कि वन विभाग इस गंभीर मामले में ठोस कदम उठाता है या फिर यह मामला भी अन्य मामलों की तरह ठंडे बस्ते में चला जाएगा।

**नपाध्यक्ष ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला कर्मचारियों का किया सम्मान**

# नारी शक्ति, आत्मविश्वास व सहनशीलता का प्रतीकः चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद कवर्धा के सभाकक्ष में आयोजित महिला सम्मान समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने अपने टीम के साथ नगर पालिका सभाकक्ष में गेट के सामने खड़ा होकर स्वच्छता दीदीयों का आरती कर पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। उन्होनें सभाकक्ष में साथ बैठकर नास्ता किया तथा नारी शक्ति की महानता के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा किया व जिस जगह में बैठे रहे वहां जाकर उनका सम्मान करते हुए अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई व शुभकामनाएं देकर पैर छूकर प्रणाम किया। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कि नारी शक्ति, साहस, आत्मविश्वास, प्रेम, त्याग, और सहनशीलता का प्रतीक है नारी समाज की नींव है और उसका सम्मान करना हमारा कर्तव्य है सभी महिलायें काबिल और मेहनती हैं। छत्तीसगढ़ राज्य सरकार ने महिलाओं को सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए कई प्रावधान किये हैं। महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश में महतारी वंदन योजना के साथ साथ अनेक योजनाएं लागू की गई है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा और हौसला देता है। मातृ शक्ति ने हर क्षेत्र में खुद को साबित किया है और अपनी क्षमता और प्रतिभा के बल पर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपना परचम लहराया है नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कि महिलायें आज के समय पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं। महिला दिवस का दिन हमें नारी की हर छोटी-बड़ी लड़ाई को सम्मान देने और उनके सपनों को पंख देने का मौका देता है। आज का दिन महिलाओं द्वारा समाज में दिए गए योगदान, उनके संघर्ष तथा उनके सामने आने वाली चुनौतियों की याद दिलाता है। इस दिन उन्हें यह एहसास कराया जाता है कि वह हमारे लिए कितनी खास हैं। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश के साथ-साथ उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, पार्षद अजय ठाकुर, बिहारी राम धुर्वे, योगेश चंद्रवंशी, सौखी आहिरवार, डोनेश राजपूत, दीपक सिन्हा सहित अधिक संख्या में महिला दीदी उपस्थित थे।

# अहिरवार समाज का बैठक 21 मार्च को

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

गुरु कृपा युवा कल्याण समिति के तत्वाधान में अहिरवार समाज की जिला स्तरीय बैठक ऊर्जा पार्क सामाजिक भवन में आहूत की गई है। जिसमें समिति के वार्षिक आय-व्यय के जानकारी के साथ 14 अप्रैल को करियर गाइडेंस के लिए कक्षा 10वीं व 12वीं अध्ययनरत छात्र-छात्राओं का सर्वे सूची तैयार करना। जिस पर समिति अध्यक्ष पूनाराम पनागर ने बताया कि उक्त बैठक अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि जानकारी के अभाव में बच्चे विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं से चुक जाते हैं इसके अतिरिक्त सामाजिक जनगणना, सामाजिक छात्रावास और खेल, साहित्य, संगीत, पर्यावरण, दिन में शादी और प्लास्टिक मुक्त सामाजिक कार्य जैसे विभिन्न आयाम पर चर्चा कर कार्य योजना बनाई जाएगी।